CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति " ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 45 | अंक - 37 | राजनांदगांव, सोमवार 22 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




CMYK

# मानवता की मिसाल : कड़कड़ाती ठंड में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बांटे 100 कंबल

राजनांदगांव (दावा)। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से चैंबर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद के नेतृत्व में शनिवार को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए 100 उच्च गुणवत्ता वाले कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से महापौर मधुसूदन यादव, डॉ. प्रकाश खुटे, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य एवं जिला भाजपा कार्यकारिणी सदस्य योगेश खत्री सहित चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**मेडिकल कॉलेज में जरूरतमंद मरीजों और परिजनों को मिली राहत; महापौर मधुसूदन ने पहल को सराहा**

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स केवल व्यापारिक संस्था नहीं बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने वाला संगठन है। जरूरतमंदों की सेवा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। महापौर मधुसूदन यादव ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा किया गया यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है। जिससे समाज के कमजोर वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने चैंबर के सभी सदस्यों को इस सेवा कार्य के लिए बधाई दी।

वहीं डॉ. प्रकाश खुटे ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से चैंबर ऑफ कॉमर्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सहयोग से मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत मिलती है। योगेश खत्री ने कहा कि व्यापार जगत का समाजसेवा में आगे आना सकारात्मक संदेश देता है और अन्य संस्थाओं को भी प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान भीमन धनवानी, शिव अग्रवाल, भागचंद गीड़िया, राजकुमार बाफना, विजय कांकरिया, गुलाब जैन, रोमी जैन, दीपक गीड़िया, संयम जैन, हितेश पटेल, यश पटेल, सुशील जैन, नवीन अग्रहरि सहित चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों ने स्वयं उपस्थित रहकर मरीजों को कंबल वितरित किए। जिससे माहौल भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया। उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। इस सेवा कार्य के माध्यम से चैंबर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि सामाजिक सरोकारों में उसकी भूमिका सदैव अग्रणी रही है।

# जितेंद्र मुदलियार का बर्थडे धूमधाम से मना





**बधाई देने दिनभर लगा रहा लोगों का लगा तांता**

राजनांदगांव (दावा)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष और युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार का जन्मदिन रविवार को कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं व नेताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। आज सुबह से ही श्री मुदलियार के जीई रोड स्थित कुसुम निवास में उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। समर्थकों, शुभचिंतकों और नागरिकों ने श्री मुदलियार को फूल-मालाओं से लादकर व उनका मुंह मीठा कराकर जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कांग्रेस भवन के पास समर्थकों और नागरिकों ने उनके बर्थडे की खुशी में केक काटा और उन्हें केक खिलाया। कांग्रेसियों ने उनके उज्जवल राजनीतिक, सामाजिक भविष्य, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। समर्थकों ने उन्हें फूल-माला पहनाया और महिलाओं ने बुके भेंटकर आरती उतारी। उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मामराज अग्रवाल, इकरामुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर, अजीत जैन, अशोक पंजवानी, राकेश जोशी, संतोष पिल्ले, झम्मन देवांगन, अवधेश प्रजापति, शरद पटेल, सचिन तुरहाटे, बंटी यादव, शेखर वैष्णव, टिल्लू साहू, लक्ष्मण साहू, तारा साहू, रोहित चंद्राकर, चैतन भानुशाली, राहुल साहू, विक्की साहू, गुरभेज माखीजा, गोलू नायक, आशीष साहू, हेमचंद यादव, ललित कुमरे, पारस साहू, राजिक सोलंकी, शैलेश साहू, मोहनीस धनखड़, शुभम पांडे, लेखू यादव, नरेश साहू, भगवान दास सोनकर, भोला यादव, ललित मरकाम, एकता चंद्राकर, तेज टार्जन साहू, अमर झा, अजित जैन, तुका साहू, बसंत चितलांगिया सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों, शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

## पहला कॉलम...

### तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का आगाज, 1.19 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की



राजनांदगांव(दावा)। रविवार से तीन दिवसीय सघन पल्स पोलियो अभियान शुरू हुआ। ममता नगर के एकता चौक में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश साहू ने बच्चों को दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। 23 दिसंबर तक शून्य से पांच वर्ष के लक्षित एक लाख 19 हजार 505 बच्चों पल्स पोलियों की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में 478 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें 956 टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है। 98 सुपरवाईजर द्वारा कार्यक्रम की मानिटरिंग की जा रही है।

### डॉ. आर.एन. सिंह को मातृशोक




राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय कॉलेज राजनंदगांव एवं दुर्ग विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आर एन सिंह एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भडसेना चौकी के प्राचार्य राकेश बहादुर सिंह की माताजी एवं चौकी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्वर्गीय पी.पी.सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा सिंह का डॉ. आर.एन.सिंह के निजी निवास न्यू चंद्रा कॉलोनी पीटीएस के पास में आज 21 दिसंबर को निधन हो गया। वे 84 वर्ष की थी। वे उम्र संबंधी बीमारियों से ग्रसित थी। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास न्यू चंद्रा कॉलोनी पीटीएस के पास से मठपारा लखोली राजनांदगांव शमशान घाट के लिए आज दिनांक 22 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे निकलेगी।

### राधा हिरवानी का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर के हिरवानी परिवार के स्व.परसराम हिरवानी (मुजगहन वाले, पूर्व पटवारी) की धर्मपत्नी व पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी की माताश्री राधा हिरवानी का 80 वर्ष की आयु में 21 दिसंबर रविवार को प्रातः निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार नगर मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक और नागवासी शामिल हुए।

### नरेंद्र रामटेके का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर के सिनेमा लाईन निवासी नरेंद्र रामटेके का 21 दिसंबर रविवार की तड़के 4 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर पंचायत डोंगरगांव में दैनिक वेतन पर अग्निशमन ड्राइवर के पद पर कार्यरत थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, ईष्टबंधु और नगरवासी शामिल हुए।

# खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं- डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। आगामी राजनांदगांव फुटबॉल लीग के आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें 1 से 10 जनवरी तक आयोजित फ्लड लाइट फूटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने का आमंत्रण दिया। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करते हैं। राजनांदगांव फुटबॉल लीग जैसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और समाज को स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ाते हैं।' उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है।




**फुटबॉल लीग के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात**

### आयोजन की रूपरेखा से कराया अवगत

पदाधिकारियों ने लीग के उद्देश्य, प्रतियोगिता के प्रारूप एवं खिलाड़ियों की सहभागिता से संबंधित जानकारी साझा की। जिस पर डॉ. सिंह ने आयोजन की सराहना की। साथ ही कहा कि खेल आयोजनों को बढ़ावा देकर ही स्वस्थ, सशक्त और अनुशासित समाज की नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा (सोनू), लक्ष्मण लोहिया, शिवम यादव, राम भाई, नीरज साहू, परवेज खान एवं युवराज सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नववर्ष के पूर्व एलर्ट हुई पुलिस

**शहर में मोटर चेकिंग प्वाइंट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर से संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग**



राजनांदगांव(दावा)। नए साल लगने को अभी सप्ताह भर शेष है लेकिन शहर की पुलिस इसके पहले एलर्ट हो गई है और शहर में जगह-जगह मोटर चेकिंग पाइंट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग करने में जुट गई है।

बताया जाता है कि शनिवार 20 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी नववर्ष के आगमन के मद्देनज़र शहर के महावीर चौक, देशमुख होटल चिखली एवं गौरव पथ तिराहा में मोटर चेकिंग प्वाइंट लगाकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन (अल्कोहल मीटर) के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई। महावीर चौक में वाहन चेकिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा की उपस्थिति में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा चेकिंग की कार्यवाही की गई। इधर देशमुख होटल, चिखली में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक तथा पुलिस चौकी चिखली प्रभारी कैलाशचंद मरई द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई। इसी प्रकार गौरव पथ तिराहा में श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.), नगर पुलिस अधीक्षक तथा थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग किया गया।

### दो सौ से अधिक वाहनों की हुई चेकिंग

वाहन चेकिंग के दौरान कुल 200 से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 07 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। चारपहिया थार वाहन (कार) में काला शीशा (ब्लैक फिल्म) लगाए जाने पर मोटरयान अधिनियम की धारा 100 के तहत 2000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। शेष 06 वाहन चालकों से कुल 2700 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

### यह कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी

पुलिस द्वारा समस्त वाहन चालकों से अपील की गई है कि चारपहिया वाहनों में काले शीशे का उपयोग न करें, अवैध/आपत्तिजनक सामग्रियों का परिवहन न करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न हों तथा राजनांदगांव पुलिस का सहयोग कर यातायात एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहभागी बनें।

# प्रभु यीशु जयंती को लेकर बाजार में रौनक, बिकने आए क्रिसमस सामान

राजनांदगांव (दावा)। प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिन को लेकर मसीही समाज में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। शहर में कैरोल गान के माध्यम से लोगों के घरों में जाकर प्रभु ईसा मसीह के संदेश को सुनाया जा रहा है इससे प्रभु यीशु के जन्मदिन मनाने के लिए क्रिश्चियन समुदाय के लोगों द्वारा भव्य तैयारियां की जा रही है। शहर के स्टेशन रोड स्थित वेसलियन चर्च के सामने क्रिसमस पर्व से संबंधित सामानों की दुकानें सज गई हैं। जहां मसीही समुदाय के लोगों द्वारा क्रिसमस ट्री से लेकर शांता क्लाज के पोशाक, टोपी, बड़े आकर्षक सितारे ,बाल्स, आदि अपने मनपसंद के चीजों की खरीदारी की जा रही है। इधर क्रिसमस पर्व को लेकर शहर का बाजार भी सज गया है। मसीही समुदाय के लोग प्रभु यीशु के जन्म दिन की खुशियां में नए वस्त्राभूषणों सहित अन्य चीजों की खरीदारी कर रहे हैं। इससे बाजार गुलजार बना हुआ है।



**क्रिसमस से पूर्व शहर में निकली मोटर सायकल रैली**

### शहर में निकली मोटर साइकिल रैली

बता दें कि प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिवस के अवसर पर शहर के समस्त मसीही समुदाय द्वारा विगत 35 वर्षों से लगातार क्रिसमस रैली निकाली जा रही है। वेसलियन मैथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह डॉ. सुमन लाल ने बताया कि, इस वर्ष भी शहर के समस्त पासबानो के निर्णय अनुसार 20 दिसंबर को मसीही समाज द्वारा शहर में आकर्षक झांकी सहित भव्य क्रिसमस रैली निकाली गई। इसके पूर्व 19 दिसंबर को भी शहर में विशाल मोटर सायकल रैली निकाली गई। जिसमें सभी मोटर सायकल चालक सिर में शांता क्लाज की तुर्रेदार लाल टोपी धारण किए रैली का शोभा बढ़ा रहे थे। शहर के चिखली रोड से शहर के लिए निकली मोटर साइकल रैली लोगों में आकर्षण का केंद्र बना रहा।

शहर के स्टेशन रैड स्थित वेसलियन मैथोडिस्ट चर्च के सामने सजे दुकानों में खासकर शांता क्लाज की पोशाके व आकर्षक क्रिसमस ट्री की डिमांड बनी हुई है। न्यू सिमरन ट्रेड के संचालक शाहिद ने बताया कि प्रभु यीशु जयंती के अवसर पर यहां पर विगत कई सालों से दुकानें लगा रहे हैं। क्रिसमस के अवसर पर मसीही समुदाय के लोगों द्वारा उनके दुकान से अपने मनपसंद की चीजें खरीदी की जाती है। उन्होंने बताया कि क्रिसमस से संबंधित ज्यादा तर सामाने मुंबई से मंगवाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार छोटी व आकर्षक क्रिसमस ट्री की अच्छी मांग बनी हुई है। इसकी कीमत उन्होंने 50 रुपए से लेकर बड़ी क्रिसमस ट्री की कीमत 5 हजार रुपए तक बताया वहीं आकर्षक स्टार 5 रुपए से लेकर 5 सौ रुपए तक बेचे जाने की बात कही। चार्मिंग लाइट 10 रुपए से लेकर 3 सौ रुपए तक तथा बच्चों के शांता क्लाज वाले ड्रेस 100 रुपए से लेकर 500 रुपए तक का बताया। इसके अलावा उनके दुकान में हेयर बैंड बारासिंघा, ड्रम बैंड, बच्चों द्वारा ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। दुकान में भगवान यीशु के जन्म समय का गो-शाला वाले चरनी सेट 2 सौ लेकर 4 हजार रुपए तक बेची जा रही है।

### अग्निवीर भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक

राजनांदगांव (दावा)। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन (दसवीं व आठवीं) का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेगें। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र वेबसाईट www.joinindianarmy.nic.in और अभ्यर्थी के ई-मेल पर भेज दिया गया है। रैली में भाग लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाईल भी लेकर आना अनिवार्य हैं। उम्मीदवार किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 तथा जिला रोजगार कार्यालय राजनांदगांव के टेलीफोन नंबर 07744-299523 में संपर्क कर सकते हैं।

# टेड़ेसरा में शासकीय भूमि पर अवैध व्यावसायिक निर्माण का विरोध

**ग्राम टेड़ेसरा के ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के ग्राम टेड़ेसरा के शासकीय भूमि पर अवैध रूप से व्यावसायिक भवन निर्माण किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर उक्त अवैध भवन निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग की है। ग्राम टेड़ेसरा के पंच सुनील साहू, सुगना राम, मनोज कुमार साहू, सतीश साहू, जिहान साहू, लक्ष्मण चंद्राकर आदि ने तहसीलदार से उक्त अवैध भवन बनाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की लिए निवेदन किया है।

ग्रामवासियों का कहना है कि, टेड़ेसरा ग्राम में बस स्टैंड के पीछे शासकीय भूमि पर ग्राम के सरपंच खिलेश्वर साहू द्वारा अवैध तरीके से व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जा रहा है। जबकि पूर्व में शासन द्वारा राशि उपलब्ध करा कर पंचायत स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के लिए 5 बाई 5 क्षेत्रफल वाले कमरे का व्यावसायिक परिसर पहलु से निर्माण हो कर खाली पड़ा हुआ है। उक्त व्यवसायिक परिसर वाले कमरे का सरपंच द्वारा न किसी बेरोजगार को रोजगार के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है और न गांव में बेरोजगारों के लिए मुनादी कर उक्त कमरा देने के लिए चस्पा कराया जा रहा है।

सरपंच खिलेश्वर साहू के द्वारा इस तरह शासन की योजना को धर किनार करते हुए अपने लाभ हेतु शासकीय भूमि पर अपनी मनमानी करते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिसे तत्काल रोके जाने की आवश्यकता है। ग्रामवासियों ने इस संबंध में सरपंच खिलेश्वर साहू द्वारा शासकीय भूमि पर की जा रही अन्याक्रांति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त अवैध निर्माण पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट प्रबंधन का बड़ा फैसला : नए प्रवेश के लिए नि:शुल्क शिक्षा



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए, रॉयल किड्स कॉन्वेंट प्रबंधन ने इस सत्र के लिए अभी नए प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए इस बचे सत्र की निशुल्क शिक्षा देने का फैसला किया है। यह निर्णय विद्यालय की गुणवत्ता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।विस्तृत जानकारी के लिए शाला कार्यालय में संपर्क करें।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने हमेशा से ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विद्यालय के छात्रों ने हर साल उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं और उन्हें देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश मिला है। इसके अलावा, विद्यालय ने छात्रों को सही मार्गदर्शन और अवसर प्रदान कर उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विद्यालय प्रबंधन ने इस फैसले को वर्तमान शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उनका मानना है कि यह पहल उन छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। विद्यालय की अध्यक्षा डॉ. साविता जे बी सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि हर छात्र को समान अवसर मिले और वह अपने सपनों को पूरा कर सके। हमें उम्मीद है कि यह पहल हमारे विद्यालय के साथ-साथ समाज के लिए भी एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होगी।

विद्यालय के निदेशक संजय बहादुर सिंह ने कहा, हम अपने छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि यह पहल हमारे विद्यालय के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी और हम अपने छात्रों को और भी बेहतर भविष्य प्रदान कर सकेंगे।

इस पहल के साथ, रॉयल किड्स कॉन्वेंट ने एक बार फिर से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता और गुणवत्ता का प्रमाण दिया है। विद्यालय परिवार में अध्यक्षा डॉ. सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, आनंद बहादुर सिंह, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जनमेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, श्रीमति ईला सिंह, डॉ. आई.के. वैष्णव, अभिषेक खण्डेलवाल ने इसे स्वागतेय पहल बताया है और पालकों में अभी से यहाँ नये प्रवेश लेने की होड़ लग गई है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पीड़ितों को सहायता राशि प्रदान की



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज अपने राजनांदगांव प्रवास पर अपनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पीड़ित लोगों स्वेच्छानुदान राशि प्रदान की। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज डॉ. रमन सिंह ने स्पीकर हाउस में आए हुए लोगों के द्वारा बताई गई समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए तत्काल ही संबंधितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

ग्राम पंचायत ककरेल सरपंच स्व. अभिषेक पाटिल के मृत्यु पर माता उनके माताजी को 100000 एक लाख रुपये राशि का चेक प्रदान किया। इसी तरह से पुष्पा बाई कौरिनभाठा निवासी की बेटी के पेट में कैंसर के इलाज के लिए 50000 रुपये, ग्राम नवागांव पुष्पा भाई निर्मलकर पति के आकस्मिक मृत्यु पर 50000 रुपए, साकेत साहित्य परिसर सुरगी को 50000, कुमारी जय वर्मा पर्वतरोही की पढ़ाई के लिए 50000, कन्हारपुरी वार्ड में इलाज हेतु 20000 रुपये, ग्राम मोखला बर्तन के लिए गुहा निषाद समाज को 25000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। सहायता राशि प्राप्त होने पर संबंधित पक्ष के चेहरे पर संतुष्टि और कृतज्ञता के भाव नजर आए। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुमित भटिया, गोलू गुप्ता, तरुण लहरवानी, गिन्नी चावला, राजेंद्र जैन बंटू उपस्थित थे।






इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

राजनांदगांव, सोमवार 22 दिसम्बर 2025




## विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, अब 125 दिन के काम की गारंटी



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मनरेगा की जगह विकसित भारत, रोजगार और आजीविका मिशन-ग्रामीण (बीवी -जी राम जी) विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही बिल ने अब कानून का रूप ले लिया और पूर्व की मनरेगा योजना अब इतिहास बन गई। संसद ने गुरुवार 18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025 को पारित कर दिया था।

खबरों के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण)- वीबी-जी राम जी (विकसित भारत-जी राम जी) विधेयक, 2025 को आज अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो ग्रामीण रोज़गार नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इसके साथ ही बिल ने अब कानून का रूप ले लिया और पूर्व की मनरेगा योजना अब इतिहास बन गई। संसद ने गुरुवार 18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025 को पारित कर दिया था। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए प्रति वित्तीय वर्ष मज़दूरी रोज़गार की वैधानिक गारंटी को 125 दिनों तक बढ़ाता है और सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के अभिसरण (कन्वर्जेंस) तथा परिपूर्ण (सेचूरेशन) तरीके से सेवा-प्रदाय को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है, जिससे समृद्ध, सक्षम और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव मजबूत होती है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है।

## 700 अरब डॉलर से अधिक की संपत्ति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने एलन मस्क



वॉशिंगटन। अमरीका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की संपत्ति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। फोर्ब्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल संपत्ति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से ज़्यादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल संपत्ति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी। जनवरी 2021 में वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उसी साल उन्होंने 300 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया और 2024 में मस्क की कुल संपत्ति बढ़कर 500 अरब डॉलर से ज़्यादा हो गई। मस्क के अलावा ओरेकल के सह-संस्थापक लैरी एलिसन की कुल संपत्ति 400 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंची है।

## ईवीएम में सब सेट था : महाराष्ट्र निकाय चुनाव में करारी हार से भड़की उद्धव सेना, शिंदे ने कसा तंज



मुंबई। महाराष्ट्र में नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों के नतीजों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा नीत महायुति (महायुति) ने विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को करारी शिकस्त देते हुए एकतरफा जीत हासिल की है। अब तक घोषित परिणामों में महायुति 200 से अधिक सीटों पर जीत चुकी है, जबकि एमवीए महज 50 सीटों पर सिमटती दिख रही है।

### बीजेपी बनी 'नंबर वन' पार्टी

स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति का दबदबा साफ नजर आ रहा है। जिसमें भाजपा के सबसे अधिक 120 से ज्यादा मेयर बनते दिख रहे है। शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) की झोली में 60 और एनसीपी (अजित पवार गुट) की झोली में 35 मेयर पद आ सकते है। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में शामिल कांग्रेस 27, एनसीपी (शरद पवार गुट) 12 और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) 8 जगहों पर मेयर पद जीत रही है।

### शिंदे बोले- जनता ने बता दिया असली शिवसेना कौन है

निकाय चुनाव में महायुति की ऐतिहासिक जीत के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने उद्धव ठाकरे व विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि अकेले शिंदे सेना की सीटें महाविकास अघाड़ी में शामिल सभी दलों की कुल सीटों से अधिक हैं। शिवसेना को मिला यह बड़ा जनादेश मतदाताओं के विश्वास का प्रमाण है। शिवसेना प्रमुख शिंदे ने दावा किया कि चुनाव नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि असली शिवसेना कौन सी है।

ठाणे में पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा, शिवसेना (शिंदे गुट) का स्ट्राइक रेट विधानसभा और लोकसभा की तरह ही निकाय चुनाव में भी बेहतरीन रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी महाविकास आघाड़ी की सीटों को जोड़ लिया जाए, तब भी अकेली शिवसेना (शिंदे गुट) उससे आगे है। जनता ने बता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोदी की सभा में हिस्सा लेने जा रहे, तीन भाजपाईयों की मौत



कोलकाता। मुर्शिदाबाद के तीन भाजपा समर्थकों जो नादिया जिले के तहेरपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में हिस्सा लेने जा रहे थे। उनकी ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह घटना गत शुक्रवार को अलसुबह तहेरपुर स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक के पास हुई थी। इन मृतकों की पहचान हो गई है। रामप्रसाद घोष बरंजा, मुक्तिपद सूत्रधर बरंजा और बैरब घोष के रूप में हुई है। ये लोग सबलदहाना के निवासी थे। जानकारी के अनुसार मुर्शिदाबाद के बरंजा क्षेत्र के सबबदहा गांव के लगभग 40 लोगों का एक समुह प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए ताहेरपुर पहुंचा था। तभी रेलवे ट्रेक के नजदीक अचानक ट्रेन की टक्कर लगने से यह दुर्घटना हुई थी। सूचना प्राप्त होते ही रेलवे पोलिस और स्थानीय पोलिस घटना स्थल पर पहुंच गई थी। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

## फर्जी सिम से म्यूल अकाउंट तक... साइबर ठगों की फैक्ट्री उजागर, 1,236 ठगी मामलों के 25 आरोपी गिरफ्तार




रायपुर। साइबर ठगी के संगठित नेटवर्क पर रायपुर रेंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। आपरेशन साइबर शील्ड के तहत एक साथ कई ठिकानों पर रेड कर 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित म्यूल बैंक अकाउंट संवर्धक, फर्जी सिम कार्ड विक्रेता, ब्रोकर और साइबर ठगी के लिए खाते उपलब्ध कराने वाले बताए गए हैं। गिरफ्तारियां रायपुर, दुर्ग, बलौदा बाजार के साथ ही मध्यप्रदेश से की गई हैं।

### रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच

जांच में सामने आए आंकड़े चौंकाने वाले हैं, इन खातों से 174.5 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जबकि ठगी की पुष्टि 77.35 लाख रुपये की हुई है। देश के विभिन्न राज्यों में इन आरोपितों के खिलाफ 1236 रिपोर्ट दर्ज हैं। बैंक ट्रांजैक्शन, एक व्यक्ति के नाम पर कई खाते, फर्जी सिम कार्ड और तकनीकी साक्ष्यों ने पूरे गिरोह की कार्यप्रणाली को उजागर किया गया है। बतादें कि पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के निर्देश पर रेंज साइबर थाना ने केंद्र सरकार के साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइफोरसी) पोर्टल पर रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच शुरू की थी।

### किराये पर खाते, कमीशन पर ठगी

जांच में सामने आया कि आरोपित अपने बैंक खातों को किराये पर देते थे या फिर ठगी की रकम पर 10 से 20 प्रतिशत कमीशन लेकर अन्य ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन खातों का इस्तेमाल फर्जी शेयर ट्रेडिंग ऐप, क्रिप्टो करेंसी निवेश, गूगल रिव्यू और टेलीग्राम टास्क, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, आनलाइन गेमिंग और गूगल सर्च जैसे तरीकों से किया जाता था। तकनीकी तौर पर इन अपराधों को इस तरह अंजाम दिया जाता था कि शुरुआती स्तर पर रकम पकड़ में न आए।

### आठ टीमों ने तोड़ा नेटवर्क

रेंज साइबर थाना और रायपुर जिले के विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की आठ टीमों ने रायपुर, दुर्ग, बलौदा बाजार और मध्यप्रदेश में एक साथ रेड की। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर म्यूल बैंक अकाउंट के असली संचालकों, एजेंटों और फर्जी सिम विक्रेताओं को चिन्हांकित कर गिरफ्तार किया गया।

### पीड़ितों की रकम लौटाने की पहल

इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब दो करोड़ रुपये की ठगी की राशि होल्ड कराई है। यह राशि विभिन्न राज्यों के पीड़ितों की है, जिन्हें संपर्क कर वापस किया जाएगा। बीते 11 माह में 7 करोड़ रुपये फर्स्ट लेयर खातों में होल्ड कराकर न्यायालय के आदेश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गृह मंत्री के निवास पहुंचे आरक्षक भर्ती के अभ्यर्थी : लंबी चर्चा के बावजूद नहीं बनी बात, गहमा-गहमी के बीच नाराज हुए शर्मा



रायपुर। छत्तीसगढ़ में पुलिस आरक्षक भर्ती को लेकर उठ रहे सवालों के बीच गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज अभ्यर्थियों से सीधे संवाद किए। अपने सरकारी निवास पर पहुंचे अभ्यर्थियों के साथ पहले बाहर मुलाकात की, फिर सभी को भीतर बुलाकर व्यक्तिगत तौर पर शिकायतें सुनीं। लंबे समय से परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप लगा रहे अभ्यर्थियों को भरोसा दिलाया गया कि उनकी हर शिकायत दर्ज की जा रही है और पारदर्शिता के साथ जांच होगी।

बता दें कि पुलिस विभाग में 5 हजार 967 पदों के लिए सितंबर माह में परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके बाद से ही अभ्यर्थी और विपक्ष परीक्षाओं में गड़बड़ी के आरोप लगा रहे हैं। इससे पहले 19 और 20 दिसंबर को एडीजी स्तर पर भी अभ्यर्थियों से चर्चा की जा चुकी है। मीडिया से बातचीत में गृह मंत्री शर्मा ने कहा कि यदि भर्ती प्रक्रिया में नियमों के खिलाफ कुछ पाया गया तो कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि अगर गलती होगी तो उसे सुधारा जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो आगे और रिक्तियां भी निकाली जाएंगी।

## अवैध तस्करी के दौरान बड़ा हादसा : कंटेनर पलटा, 50 से अधिक गायों की हुई दर्दनाक मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



जगदलपुर। कोटपाड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत घुमर गांव के पास मवेशियों से भरा एक कंटेनर हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में कंटेनर में मौजूद 50 से अधिक गायों की मौके पर ही मौत हो गई। कंटेनर के जरिए देर रात कोटपाड़ क्षेत्र से घुमर मार्ग होते हुए मवेशियों को अवैध तरीके से आंध्रप्रदेश ले जाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में मवेशी के होने से कंटेनर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते कंटेनर सड़क किनारे पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कंटेनर में मौजूद अधिकांश गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही घुमर गांव सहित आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस व अग्निशमन विभाग को सूचना दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक 50 से अधिक गायों की जान जा चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना मवेशियों की तस्करी की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा बार-बार विरोध किए जाने के बावजूद अवैध गो-चालान का सिलसिला थम नहीं रहा है। आए दिन हो रही छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं में कई बेकसूर मवेशियों की जान जा रही है। एक साथ 50 से अधिक गायों की मौत से घुमर गांव में गहरा शोक और आक्रोश है।

## दिल्ली में कोहरे का कहर, 110 उड़ानें रद्द, 370 से अधिक में देरी



नई दिल्ली। दिल्ली हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण कुल 110 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। हवाई अड्डे पर 59 आगमन और 51 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गईं। सुबह के समय विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक गिर जाने के कारण रनवे पर परिचालन करना असंभव हो गया। पिछले कई दिनों से लगातार कोहरे के कारण दिल्ली और उत्तर भारत में कई एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित हुए हैं। एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। खबरों के अनुसार, दिल्ली हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण कुल 110 उड़ानें रद्द कर दी गईं और 370 से अधिक उड़ानों में विलंब हुआ। हवाई अड्डे पर 59 आगमन और 51 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गईं। सुबह के समय विजिबिलिटी शून्य से 50 मीटर तक गिर जाने के कारण रनवे पर परिचालन करना असंभव हो गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'न तो मुसलमानों का भला होगा और न हिंदुओं का', बंगाल में ऐसा क्यों बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत?




नई दिल्ली। निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखने के मामले पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद को फिर से बनाने की कोशिश एक राजनीतिक साजिश है, जिसका उद्देश्य विवाद को दोबारा शुरू करना है। यह सब वोटों के लिए किया जा रहा है और इससे न तो मुसलमानों का भला होगा और न ही हिंदुओं का। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा किऐसा नहीं होना चाहिए। मुझे ऐसा लगता है।

### सरकार के पैसे से धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं करना चाहिए- भागवत

जब उनसे पूछा गया कि क्या सरकारी पैसे से धार्मिक स्थल बनाना सही है? तो इसके जवाब में मोहन भागवत ने कहा कि सरकार को मंदिर या किसी भी धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं करना चाहिए, यही नियम है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर का निर्माण सरदार वल्लभभाई पटेल के समय हुआ था, जब वे गृह मंत्री थे। राष्ट्पति ने उद्घाटन जरूर किया था, लेकिन उसमें सरकारी धन का उपयोग नहीं हुआ था। राम मंदिर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उसका निर्माण सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुआ। अदालत ने सरकार को ट्रस्ट बनाने का निर्देश दिया था, जिसे सरकार ने पूरा किया, लेकिन मंदिर निर्माण के लिए सरकारी पैसा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के निर्माण में जनता ने स्वयं योगदान दिया।

## 1500 करोड़ की कथित वसूली के आरोप पर भाजपा सख्त, कहा- फर्जी वीडियो कांग्रेस का सहारा; एसपी से की शिकायत



रायपुर। सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे वीडियो को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने इसे भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ नेताओं को बदनाम करने की सुनियोजित राजनीतिक साजिश करार देते हुए रायपुर पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपी है। विधायक ने वीडियो को पूरी तरह भ्रामक, असत्य और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कठोर धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### चरित्र हनन का प्रयास

शिकायत में विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर जानबूझकर एक ऐसा वीडियो वायरल किया जा रहा है, जिसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। इस फर्जी वीडियो में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय सहित कई वरिष्ठ नेताओं पर 1500 करोड़ रुपये की कथित 'वसूली' या 'कलेक्शन' का झूठा आरोप मढ़ा गया है। वीडियो में आपत्तिजनक और अमर्यादित वाक्य का प्रयोग कर न केवल नेताओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने, बल्कि जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है।

विधायक ने स्पष्ट किया कि इस दुष्प्रचार के माध्यम से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की छवि को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत मानहानि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनविश्वास पर सीधा हमला है।

पुरंदर मिश्रा ने मांग की है कि इस गंभीर मामले की जांच साइबर सेल को सौंपी जाए और वीडियो तैयार करने, अपलोड करने, साझा करने तथा फैलाने वाले सभी व्यक्तियों और सोशल मीडिया आईडी धारकों की पहचान कर गैर-जमानती धाराओं में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। शिकायत के साथ वीडियो के स्क्रीनशॉट, लिंक और दुष्प्रचार में शामिल अकाउंट्स की सूची भी पुलिस को सौंपी गई है।

## पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम ही नहीं, पर्यटन को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त साधन भी - विष्णुदेव साय



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजस्थान के अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण से लौटने के उपरांत छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के दल ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर पत्रकारों ने 15 से 20 दिसम्बर तक राजस्थान भ्रमण के दौरान वहां की विधायिका, प्रशासनिक कार्यप्रणाली तथा पर्यटन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के अनुभवों को साझा किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए अंतर्राज्यीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, ताकि अन्य राज्यों के शासन-प्रशासन, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास से जुड़े नवाचारी प्रयासों को पत्रकारों के दृष्टिकोण से समझा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे अध्ययन भ्रमणों से प्राप्त अनुभवों के आधार पर छत्तीसगढ़ में भी नई और प्रभावी पहल शुरू की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे इस यात्रा के अनुभवों को यात्रा-वृत्तांत के रूप में लिपिबद्ध करें, जिससे यह आम पर्यटकों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यटन को प्रोत्साहन देने का एक सशक्त साधन भी है।

प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यटन के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य की दृष्टि से बस्तर धरती पर स्वर्ग के समान है, किंतु नक्सलवाद लंबे समय तक इसके विकास में एक बड़ी बाधा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में राज्य सरकार पूरी दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पर्यटन को राज्य की नई उद्योग नीति में शामिल किया गया है। इसके तहत सुदूर वनांचलों में होम-स्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि पर्यटक ग्रामीण परिवारों के साथ रहकर उनकी संस्कृति, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनमोल दावा

> **हार का डर मत पालो कोशिश छोड़ना ही असली हार है।**

## बांग्लादेश में भारत के लिए खतरा बढ़ा, बिगड़ने लगे हैं हालात

बांग्लादेश में हालात सुधरने के बजाय बिगड़ रहे हैं. चुनावों की घोषणा के बाद भी कट्टरपंथी इस्लामिक नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या से तनाव बढ़ गया है. भारत और अवामी लीग के विरुद्ध प्रदर्शन हो रहे हैं. हादी के अतिवादी विचारों और भारत पर आरोप लगने से स्थिति और गंभीर हो गई है. आशंका है कि फरवरी में चुनाव टल सकते हैं, जिससे कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा मिलेगा और भारत की पूर्वी सीमा पर खतरा बढ़ेगा.

बांग्लादेश में स्थितियां सुधरने के स्थान पर बिगड़ने की ओर हैं। पहले समझा गया था कि चुनावों की घोषणा के साथ यह देश स्थिरता की ओर बढ़ेगा, पर चुनावों की घोषणा के कुछ घंटों के भीतर ही कट्टर इस्लामिक विचारधारा से जुड़े छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हमला कर दिया गया। हादी ने सिंगापुर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। उस पर हमले के बाद से ही बांग्लादेश में भारत और अवामी लीग के विरुद्ध प्रदर्शन शुरू हो गए।

हादी की शिक्षा एक मदरसे में हुई थी। वह एक कट्टरपंथी मौलाना का बेटा था। अतिवादी जिहादी विचारधारा के चलते ही उसने कुछ दिन पहले भारत के पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा करने वाले बयान दिए थे। उस पर गोली चलाने वाले जानते थे कि हमले का आरोप भारत पर लगेगा और यही हुआ भी।

हादी पर हमले का उद्देश्य फरवरी में चुनाव न होने देना हो सकता है, क्योंकि चुनाव होने पर अमेरिकी पिट्ठू माने जाने वाले मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को जाना होता। हालांकि खालिद जिया के नेतृत्व वाली बीएनपी चुनाव जीतने की स्थिति में है, परंतु अमेरिकी और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों द्वारा पुनर्जीवित इस्लामिक कट्टरपंथी शक्तियों को अब खालिदा बूढ़ी और कमजोर लगती हैं। उन्हें लगता है कि वे भारत के विरुद्ध एक सीमा से आगे नहीं जा सकतीं। वे बहुत अस्वस्थ हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। लंदन में रह रहे उनके बेटे तारिक अनवर बीएनपी का नेतृत्व करने के लिए बांग्लादेश लौट सकते हैं, पर वे सामाजिक विकास की योजनाओं के आधार पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, न कि भारत विरोध और कट्टरपंथ के नाम पर। कट्टरपंथी जमाते इस्लामी और खालिदा जिया की बीएनपी दशकों से गठबंधन में रहे हैं, पर अब वह टूट चुका है। जमात के पाकिस्तानपरस्त कट्टरपंथियों को लगता है कि उनके पास सत्ता पाने का मौका है।


बीएनपी इस्लामिक कट्टरपंथियों के प्रति नरम रवैया रखने के बावजूद 1971 के मुक्ति संग्राम को पवित्र मानती है। वहीं जमात बांग्लादेश बनने को इस्लामिक एजेंडे के साथ धोखा मानती है। उसके नेता पाकिस्तान के साथ एकीकरण चाहते हैं। 1971 में तो उसके नेता पाकिस्तान की फौज के साथ मिलकर मुक्ति वाहिनी और भारतीय सेना से लड़े भी थे। अब वे बीएनपी की जगह शेख हसीना के खिलाफ विद्रोह से उपजी नई पार्टियों जैसे हादी के इंकिलाब मंच के साथ बांग्लादेश पर राज करने का सपना देख रहे हैं।

हादी ने पिछले दिनों बीएनपी को भी धमकी दी थी कि अगर भारत के प्रति जरा भी नरम रवैया दिखाया तो उसकी सरकार वैसे ही पलट दी जाएगी, जैसे अवामी लीग की पलटी गई थी। हादी और जमाती अमेरिकापरस्त नई राजनीतिक शक्ति नेशनल सिटीजन पार्टी एनसीपी को भी आंखें दिखा रहे थे। एनसीपी में वही छात्र नेता हैं, जिन्होंने शेख हसीना सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था। साफ है कि बांग्लादेश के अंदर ही बहुत सी शक्तियों के पास हादी की हत्या कराने के कारण थे, पर मोहम्मद यूनुस सरकार ने यह प्रोपोगंडा चलने दिया कि हादी की हत्या भारत ने कराई है और उसके हत्यारे भारत भाग गए हैं।

इसके बाद से भारतीय उच्चायोग के ठिकानों पर हमले शुरू हो गए। कट्टरपंथियों की भीड़ ने बांग्लादेश के दो सबसे बड़े अखबारों च्द डेली स्टारज् और च्प्रोथोम आलोज् को भारत का एजेंट बताते हुए उनके दफ्तरों को जला दिया। बांग्लादेश की फौज यह सब देखती रही। उसने कट्टरपंथियों की भीड़ पर कार्रवाई नहीं की। भीड़ ने एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला और उसकी लाश को चौराहे पर लटकाकर जला डाला। अब अगर यह अस्थिरता आगे बढ़ती है तो यूनुस के पास फरवरी के चुनाव टालने का एक बहाना होगा। अगर ऐसा नहीं भी हुआ तो इस्लामिक कट्टरपंथी पार्टियों को सहानुभूति मिलेगी और उनकी सीटें बढ़ जाएंगी, जिसके चलते चुनाव बाद बीएनपी के किसी भी गठबंधन में दोयम दर्जे की साझेदार रह जाने की संभावना बढ़ती है। भारत की समस्या बस इतनी ही नहीं है कि बांग्लादेश में अमेरिकापरस्त एनसीपी और पाकिस्तानपरस्त जमाती भावी सरकार का नेतृत्व करते दिख सकते हैं। जब शेख हसीना का तख्तापलट हुआ था तो उनके रिश्तेदार और बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकारूजमां ने उन्हें सुरक्षित निकलने का रास्ता दिया था। इससे भारत ने यह सोचकर राहत की सांस ली थी कि कम से कम सेना तो सही हाथों में है, परंतु उसके बाद से बांग्लादेश के सैन्य नेतृत्व ने निराश ही किया है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद भी सेना ने कट्टरपंथी भीड़ को प्रधानमंत्री आवास में घुसने दिया, जिसने वहां उनके अंतर्वस्त्र तक कैमरों के सामने लहराए। इसके बाद जब यूनुस ने बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की जन्मतिथि मनाने पर प्रतिबंध लगाया और जमातियों ने उनकी मजार पर जाने वालों को पीटा तो भी वकारूजमां ने कुछ नहीं किया। क्या बांग्लादेशी सैनिकों का एक बड़ा धड़ा जमात के प्रभाव में है और वकारूजमां इस कट्टरपंथी विचारधारा के सामने मजबूर हैं? प्रश्न यह भी है कि क्या बांग्लादेश को भारत की सीमा पर सीरिया जैसे इस्लामिक गृहयुद्ध से ग्रस्त क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां भांति-भांति के इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन पनप सकें?

# भाजपा नेहरू विवाद को नहीं छोड़ने वाली

**अजीत द्विवेदी**



यह इतिहास से ज्यादा राजनीति का सवाल है भाजपा की नजर में पंडित जवाहरलाल नेहरू कितने बड़े नेता थे? भाजपा कभी उनको इतना बडा नेता बताती है जैसे आजादी से पहले और बाद के सारे फैसले उन्होंने अकेले किए तो कभी इतना छोटा नेता बताती है कि वे अपने लिए एक आदमी का समर्थन नहीं जुटा पाए! एक तरफ भारतीय जनता पार्टी बताती है कि नेहरू इतने बड़े नेता थे कि उन्होंने देश का विभाजन कराया, 'वोट चोरी' करके देश के पहले प्रधानमंत्री बने, संविधान में तमाम किस्म की गड़बड़ियां कराईं, भारत को हिंदू राष्ट्र नहीं बनने दिया आदि आदि। लेकिन दूसरी ओर वही भाजपा कहती है कि नेहरू की इतनी हैसियत नहीं थी कि कांग्रेस की कोई प्रांतीय कमेटी अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव करे।

सवाल है कि जब नेहरू में इतनी भी ताकत नहीं थी कि कांग्रेस की 15 प्रांतीय कमेटियों में से किसी एक कमेटी से अपने नाम की सिफारिश करा सकें और सरदार वल्लभ भाई पटेल इतने शक्तिशाली थे कि 15 में से 12 कमेटियों ने उनके नाम की सिफारिश की तो देश के विभाजन का फैसले नेहरू ने कैसे कराया? अगर सबसे शक्तिशाली महात्मा गांधी और सरदार पटेल थे तो इसका मतलब यह है कि सारे फैसले उन दोनों ने कराए! भाजपा क्यों नहीं कहती है कि देश के विभाजन से लेकर भारत के हिंदू राष्ट्र नहीं बनने तक और संविधान की गड़बड़ियों से लेकर कश्मीर के विवाद तक सबके लिए जिम्मेदार गांधी और पटेल थे, जो कांग्रेस और देश के सबसे बड़े नेता भी थे? तभी आजादी से ठीक पहले और तुरंत बाद पंडित नेहरू की क्या स्थिति थी इसको समझने के लिए तीन कहानियां सुनने की जरुरत है: पहली कहानी भाजपा को बहुत पसंद है। संसद में भी वंदे मातरम् पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुनाई थी और कहा था कि 'वोट चोरी' करके नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने थे। वह कहानी असल में ऐसी है कि 1940 से लेकर 1946 तक मौलाना अबुल कलाम आजाद कांग्रेस के अध्यक्ष थे। दूसरे विश्वयुद्ध की वजह से कांग्रेस के अधिवेशन अनियमित हुए और मौलाना आजाद अध्यक्ष बने रहे थे। 1946 में जब कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव का फैसला हुआ तो उस समय तक तय हो गया था कि जो कांग्रेस का अध्यक्ष होगा वह अंतरिम सरकार का प्रमुख होगा। उस समय तीन दावेदार थे सरदार पटेल, आचार्य जेबी कृपलानी और पंडित नेहरू। इनके अलावा मौलाना आजादी भी अध्यक्ष बने रहना चाहते थे। हालांकि उनको चिट्ठी लिख कर महात्मा गांधी ने कह दिया था कि वे उनकी निरंतरता के पक्ष में नहीं हैं। महात्मा गांधी चाहते थे कि नेहरू अध्यक्ष बनें। लेकिन 15 में से 12 प्रांतीय कमेटियों ने सरदार पटेल का नाम भेजा।

संक्षेप में कहानी यह है कि गांधी की इच्छा का सम्मान करते हुए सरदार पटेल और कृपलानी दोनों मैदान से हटे और नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष बने। अध्यक्ष बनने के एक महीने के बाद वायसराय ने उनको अंतरिम सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। जाहिर है नेहरू अपनी ताकत से अध्यक्ष नहीं बने थे और यह भी जाहिर है कि अगर कोई 'वोट चोरी' हुई थी तो वह उन्होंने नहीं की थी। वह तो गांधी थे, जिन्होंने प्रांतीय कमेटियों की सिफारिशों को रद्दी में डाला और नेहरू को अध्यक्ष बनवाया। तभी सवाल है कि प्रधानमंत्री हों या केंद्रीय गृह मंत्री या दूसरे भाजपा नेता वे इस बात को इसी रूप में क्यों नहीं कहते हैं? वे गांधी को जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराते हैं?

दूसरी कहानी आजादी के बाद 1950 के कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की है। ध्यान रहे अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के बाद नेहरू ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और चूंकि सरदार पटेल उप प्रधानमंत्री बने थे तो अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दो साल आचार्य जेबी कृपलानी ने संभाली। उसके बाद दो साल पट्टाभि सीतारमैया कांग्रेस अध्यक्ष रहे। फिर 1950 का चुनाव आया, जो आजादी के बाद कांग्रेस अध्यक्ष का सबसे चर्चित चुनाव रहा है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने आचार्य जेबी कृपलानी को अपने उम्मीदवार के तौर पर पेश किया और दूसरी ओर राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन उम्मीदवार बन गए। उनको सरदार पटेल का समर्थन था। घमासान मुकाबले में राजर्षि टंडन ने आचार्य कृपलानी को हरा दिया। यानी सरदार पटेल के उम्मीदवार ने पंडित नेहरू के उम्मीदवार को हरा दिया।

इसका मतलब है कि चार साल तक प्रधानमंत्री रहने के बावजूद कांग्रेस में नेहरू की ऐसी हैसियत नहीं बनी थी कि वे सरदार पटेल से जीत सकें। अब सोचें इस चार साल की अवधि के सारे फैसलों के लिए भी अकेले नेहरू को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जबकि उस अवधि में भी सबसे ताकतवर पटेल थे। उनको देशी रियासतों के विलय का श्रेय दिया जाता है। लेकिन बाकी गड़बड़ियों का ठीकरा नेहरू के सर फोड़ा जाता है! क्या इन चार वर्षों के तमाम फैसलों के लिए सरदार पटेल बराबर के या कुछ ज्यादा के जिम्मेदार नहीं थे?

तीसरी कहानी देश के पहले और दूसरे राष्ट्रपति के चुनाव की है। संविधान सभा के अध्यक्ष के नाते डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद कार्यकारी राष्ट्रपति थे। आजाद भारत में राष्ट्रपति का पहला चुनाव फरवरी 1952 में हुआ। तब तक सरदार पटेल का निधन हो चुका था। प्रधानमंत्री नेहरू की पसंद चक्रवर्ती सी राजगोपालाचारी थे। वे चाहते थे कि दक्षिण भारत से किसी नेता को राष्ट्रपति बनाया जाए। उनको लग रहा था कि दक्षिण भारत के नेताओं का समर्थन राजगोलाचारी के नाम पर मिलेगा। लेकिन नेहरू उनके लिए समर्थन नहीं जुटा सके और उनकी इच्छा के विरूध राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपति बने। दूसरी बार 1957 में भी नेहरू ने उनकी जगह उप राष्ट्रपति एस राधाकृष्णन को राष्ट्रपति बनाना चाहा लेकिन तब भी कामयाब नहीं हुए और राजेंद्र बाबू दूसरी बार राष्ट्रपति बने। सोचें, 1957 में 10 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बाद भी नेहरू इतने ताकतवर नहीं थे कि अपनी पसंद से देश का राष्ट्रपति बनवा सकें!

ये तीनों कहानियां सही हैं और भाजपा को बहुत पसंद हैं। भाजपा के नेता अलग अलग कार्यक्रमों में इसमें खूब मिर्च मसाला लगा कर सुनाते भी हैं। अब सवाल है कि जब नेहरू में इतनी ताकत नहीं थी कि वे कांग्रेस की 15 कमेटियों में से एक भी समर्थन अपने लिए जुटा सकें तो फिर उन्होंने देश विभाजन का फैसला कैसे करवा दिया? देश विभाजन का फैसला भी तो उन लोगों ने करवाया होगा, जो ताकतवर थे, जिनको 12 कमेटियों का समर्थन मिला था या जिन्होंने 12 कमेटियों के समर्थन के बावजूद पटेल को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया? सबसे ताकतवर तो गांधी और पटेल थे, फिर देश विभाजन का ठीकरा उनके सर क्यों नहीं फूटता है? वहां क्यों या तो कांग्रेस कहा जाता है या नेहरू का नाम लिया जाता है?

सोचें, सरदार पटेल ने चाह दिया तो नेहरू के उम्मीदवार जेबी कृपलानी को अध्यक्ष नहीं बनने दिया। उनको राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के हाथों हरवा दिया। फिर भारत के हिंदू राष्ट्र नहीं बनने या हिंदी स्वीकार नहीं किए जाने या कश्मीर मसला उलझने या दूसरे विवादों के लिए अकेले नेहरू कैसे जिम्मेदार हैं?जो सबसे ज्यादा ताकतवर कांग्रेस नेता था उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है? नेहरू अपनी पसंद से राष्ट्रपति नहीं बनवा सकते थे लेकिन भाजपा कहती है कि सारे फैसले वे कर रहे थे! क्या आज यह कल्पना की जा सकती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिसको चाहें उसको हरा कर कोई दूसरा व्यक्ति भाजपा का अध्यक्ष बन जाए या प्रधानमंत्री मोदी जिसको राष्ट्रपति बनाना चाहें उसकी बजाय कोई दूसरा बन जाए? इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन आजादी से तुरंत बाद ऐसा सच में हुआ था कि प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू अपनी पसंद का कांग्रेस अध्यक्ष नहीं बनवा पाए और अपनी पसंद का राष्ट्रपति नहीं बनवा पाए।

जाहिर है भाजपा आजादी से ठीक पहले या उसके ठीक बाद जाने अनजाने में हुई तमाम गड़बड़ियों का ठीकरा जान बूझकर, एक रणनीति के तहत नेहरू पर फोड़ती है और तमाम अच्छी बातों का श्रेय सरदार पटेल को देती है। असल में इसका तथ्य और तर्क से कोई लेना देना नहीं होता है। वह नेहरू विरोध के सहारे कांग्रेस विरोध की राजनीति करती है। जब तक नेहरू गांधी परिवार कांग्रेस के शीर्ष पर रहेगा, तब तक यह चलता रहेगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने संसद में कहा कि भाजपा समय तय करके एक बार में नेहरू के बारे में चर्चा कर ले और उसके बाद असली मुद्दों पर चर्चा करे। लेकिन चाहे वे जितना कहें भाजपा इस विवाद को नहीं छोड़ने वाली है। वह किसी भी गड़बड़ी के लिए कांग्रेस के सामूहिक नेतृत्व का नाम नहीं लेगी, गांधी और पटेल का नाम तो कतई नहीं लेगी।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल: कई बार अपनी योजना के मुताबिक कार्य नहीं होता, विकल्प बनाए रखें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जीवन में कोई भी कार्य करने के लिए प्रारंभ में ही विचार विमर्श और चिंतन के द्वारा उचित रणनीति बनाने की आवश्यकता होती है। इसके बाद वह कार्य शुरु किया जाता है। अगर हम अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते हैं तो सफलता मिलने की अत्यधिक संभावना के बीच अगर हमारे मन का हो गया, तब तो ठीक है। कई बार मार्ग में आने वाली बाधाएँ और अड़चन हमारी कार्ययोजना को ठप्प कर देती हैं और हमारे सारे किए कराए पर पानी फिर जाता है। ऐसे में हमें प्लान बी या वैकल्पिक कार्ययोजना तैयार कर रखना चाहिए। ऐसा कर पाने पर हमारे लिए असफल होने की स्थिति में एक दूसरा विकल्प तैयार रहता है। इससे हम एक बड़े नुकसान से बच जाते हैं।


कई बार अनेक कार्यों में बड़ी धनराशि के निवेश की भी आवश्यकता होती है। कार्य में बड़ी राशि लगाने के बाद आगे कार्य असफल होने की स्थिति आती है, तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है। एक उदाहरण लें।किसान अपनी फसल के लिए बीज, उर्वरक, खेत को जोतने, फसल कटाई आदि के कार्य में पैसा लगाता है। अब अगर वह केवल इसी फसल पर निर्भर रहे और अल्प वर्षा, अति वर्षा, बाढ़, ओला गिरने आदि के कारण फसल खराब हो गई तो फिर उसके द्वारा लगाई गई सारी धनराशि बर्बाद हो जाएगी और वह शून्य पर आ गिरेगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर वह कमाई की धनराशि का एक भाग बचत करता रहे और उसे किसी ऐसी योजना में लगाए, जहाँ इस धनराशि में बढ़ोतरी हो और किसी आड़े वक्त में वह इस धनराशि को निकाल सके, तो उसके लिए भविष्य में कोई कठिनाई नहीं आएगी। इस तरह की वैकल्पिक व्यवस्था मनुष्य के लिए डूबते को तिनके का सहारा के स्थान पर एक मजबूत नाव की भूमिका निभाती है, जो उसे कठिनाइयों के भंवर से पार निकाल देती है।

## शब्द सामर्थ्य -265

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृपक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 264 का हल



## सू- दोकू क्र.265

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.264 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### मंदिर में चोरी का कारण

बानी बोले - ''गजाधर! आज मैने
देर तक अखबार पढ़ा
पर एक खबर में
मेरा ध्यान आकर्षित किया
कि मंदिर में चोरी करने वाला,
पुलिस के हत्थे चढ़ा।
तब मुझ में यह भाव जगा।
और मैं सोचने लगा -
चोर को किसी भ्रष्टाचारी के यहां
चोरी करने जाना था।
पर उसने ऐसा नहीं किया
और मंदिर जैसे पवित्र जगह से
चांदी के छत्र, मुखौटा व
चांदी के ही चम्मच चोरी कर
ज्वेलर्स को बेच दिया।
तो गजाधर! चोर का
भगवान के घर चोरी करने का
क्या कारण हो सकता है।
इस पर आपका मन क्या कहता है?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी ।
देखो, चोर ने सज्जन बनकर
बार-बार मंदिर जा-जाकर
और हाथ जोड़-जोड़कर
नौकरी के लिए प्रार्थना की
पर भगवान ने जब नहीं सुनी,
तो उसे क्रोध आ गया।
फिर मारे क्रोध में विवेक खोकर
उसने भगवान के घर से ही
चोरी की शुरूआत की।
रविवार 22 दिसम्बर 2025



गिरीश बख्शी

### सेनापति की चतुराई

दूसरे विश्व युद्ध की बात है जर्मनी के सेनापति रोमेल अफ्रीका के एक रेगिस्तान में अंग्रेजों से युद्ध कर रहे थे। इसी दौरान उनके तोपखाने के गोले खत्म हो गए। अंग्रेजों की सेना सामने से बढ़ी चली आ रही थी। गोला-बारूद न होने से अंग्रेजों की सेना को रोक पाना असंभव सा हो गया था। ऐसे में साथी सेनाधिकारी दौड़े-दौड़े उनके पास आए और बोले, सर, अंग्रेजों ने हमला बोल दिया है। हमारे पास इस समय खाली तोपों के अलावा और कुछ भी नहीं है। हम क्या करें ? हमारा बचना तो बहुत मुश्किल है। साथियों की बातें सुनकर रोमेल बोले, ÷घबराने से कुछ नहीं होगा। बुद्धि और चतुराई से काम लेकर दुश्मन सेना के छक्के छुड़ाने होंगे। हमारे पास गोला-बारूद न सही, धूल तो है। तोपों में धूल भरो और दनादन दागो। कुछ हवाई जहाजों को भी

उड़ने के लिए ऊपर छोड़ दो। हमें अंग्रेजों की सेना को डराकर पीछे हटाना ही होगा। रोमेल की बात मानकर उनके साथी सेनाधिकारियों ने ऐसा ही किया। से कुछ ही देर में तोपों की गड़गड़ाहट आसमान भी हिल गया। चारों ओर धूल ही धूल उड़ती देखकर अंग्रेज भयभीत हो गए। उन्होंने समझा कि शत्रु की अपार सेना आगे बढ़ती चली आ रही है। उड़ती हुई धूल में वे वास्तविकता का पता नहीं लगा सके। इधर, जर्मन हवाई जहाजों ने भी खाली उड़ान भरकर शत्रु सेना को आतंकित कर दिया। दहशत व घबराहट से शीघ्र ही शत्रु सेना के पांव उखड़ गए और वह भाग खड़ी हुई। सेनापति रोमेल की चतुराई ने एक बड़े युद्ध पर हथियार न होते हुए भी सहजता से विजय पा ली। इस विजय के कारण ही आज इतिहास में उनका नाम है।

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। लाभ के आसार नजर आएंगे ठेकेदारों के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ है। आपको नये टेंडर मिल सकते हैं या फिर रुका हुआ पुराना टेंडर वापस मिल सकता है। आज सीनियर्स का सुझाव आपके पछ में रहेगा। आज सभी से सोच-समझकर बात करें।

**वृष राशि** — आपका मन आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आप जिस काम को आज शुरू करेंगे वो आसानी से पूरा हो जायेगा। इस राशि वाले लोगों को ऑफिस में आज अपने सीनीयर्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। साथ ही उन्हें पदोन्नति भी किया जा सकता है। इस राशि के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** — आज आपका मन राजनीतिक और सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। राजनीतिक मामले में आज सुखद यात्रा के योग बन रहे हैं। रोजमर्रा के काम समय से पूरे होंगे उनसे फायदा भी मिल सकता है। करियर के लिए आज का दिन अनुकूल हो सकता है। आज मेहनत कुछ ज्यादा हो सकती है। स्टूडेंट्स को पढ़ाई में सहयोग और सफलता मिलने के योग हैं।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। आज कारोबार से आपको बड़ा फायदा हो सकता है। आज स्वास्थ्य के प्रति आपको सावधान रहना होगा। अच्छी सेहत के लिए घर में बने खाने का ही प्रयोग करें। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन शुभ हैं। इस राशि की महिलाएं आज अपने हस्बैंड को नये कपड़े गिफ्ट कर सकती है।

**सिंह** — आज आपका मन अध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ किसी मंदिर दर्शन के लिए जा सकते हैं। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन फायदेमंद है। आपको अचानक से सफलता के अवसर प्राप्त होंगे। आज रिश्तेदारों से आपको उपहार भी मिल सकते हैं। साथ ही जो भी काम करना चाहेंगे वो पूरे हो जाएंगे।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए उत्तम है। पैसो के लेन-देन में आपको फायदा होगा। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। काम को पूरा करने में थोड़ी अड़चनें भी आएंगी। अपनी सकारात्मक सोच के साथ आप इसे पूरा कर लेंगे। आज अपने बिगड़े हुए पुराने रिश्तों को आप बात करके सुधार सकते हैं।

**तुला** — आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करें। पारिवारिक कामों में मन लगा रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। संगीत के क्षेत्र से जूड़े लोगों को आज किसी शो में गाने का मौका मिलेगा। जिससे घर में छोटी - सी पार्टी होगी। पूराने दोस्तों के साथ बाहर जाने का प्लान बन सकता है।

**वृश्चिक** — आप नया बिजनेस शुरू करने जा रहे हैं तो आज का दिन ठीक है। इस राशि वाले स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। आज आप समझदारी से कई काम निपटाने की कोशिश करेंगे। थोड़ा धैर्य और खुद पर कंट्रोल रखने से आप सफल भी हो सकते हैं। आज आप ड्राविंग करते वक्त फ़ोन पर बात न करें तो आपके लिए अच्छा होगा।

**धनु** — आज पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम भी पूरे होने के योग बन रहे हैं। कामकाज निपटाने के नए तरीके मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ संबंधों में सुधार होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं की तरफ रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कर्मचारियों पर ध्यान दें उनको अच्छा लगेगा। आज सेहत पहले से ठीक रहेगी।

**मकर** — आज दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। आने वाले दिनों के कामों की योजना बन सकती है। कोई बिजनेस डील साइन कर सकते है जिससे आपको काफी फायदा होगा। नौकरी में अपना एग्रीमेंट रिन्यू करते समय थोड़ी सतर्कता रखने के लिए जरूरत है।

**कुंभ** — आज रोजमर्रा के काम से धन लाभ होने के योग हैं। साथ ही पार्टनर की भी मदद मिल सकती है। आज आपके मन में समाज का कोई काम करने के लिए विचार आ सकते हैं। आज पैसों के उलझे मामलों को सुलझाने पर ध्यान देंगे। आज आपके रुके हुए कामकाज में मन लगेगा और उसे पूरा कर भी सकते है। जीवनसाथी में सामंजस्य रहेगा।

**मीन** — आज पैसों के क्षेत्र में नई और सकारात्मक सोच होगी। साथ ही नौकरी में अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करें फायदा होने के योग हैं। परिवार के हर मामले में पूरी रुचि लेंगे। किसी बिगड़े रिश्ते को सुधारने में सफल हो सकते हैं।

# एक स्कूल से एक साथ चार शिक्षकों की ड्यूटी, पालकों में असंतोष

डोंगरगांव (दावा)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यो के लिए डोंगरगांव विकासखण्ड के प्राथमिक शाला के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तारतम्य में डोंगरगांव विकासखण्ड के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा संचालित शासकीय प्राथमिक शाला अंग्रेजी माध्यम डोंगरगांव में पदस्थ चार शिक्षकों की ड्यूटी एक साथ उक्त मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यो के लिए लगाई गई है। जिसका प्रशिक्षण आज 22 दिसंबर से होना है। विदित हो कि इसके पहले भी लगभग एक माह तक एसआईआर प्रक्रिया में यहा से दो शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। अभी सप्ताह भर पहले ही ये शिक्षक अपना कार्य पूर्ण का वापस लौटे ही थे कि ये नया आदेश एक साथ चार शिक्षकों की ड्यूटी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव के आदेशानुसार लगा दी गई है, जिससे पालको में रोष व्याप्त है।

**मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के चलते पढ़ाई होगी प्रभावित**

विदित हो शाला की दर्ज संख्या कुल 207 है एवं यहां छः शिक्षक एवं एक प्रधानपाठक सहित कुल सात शिक्षक पदस्थ हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य लगभग 1 माह तक चलेगा। परीक्षा के ठीक पहले एक महीने चार शिक्षकों की एक साथ उक्त कार्य में ड्यूटी लगने से पढ़ाई बाधित होगी। विदित हो कि ड्यूटी के लिए सूची शिक्षा विभाग द्वारा निर्वाचन विभाग को मुहैया कराया जाता है, जबकि मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए जिस बूथ में स्कूल है, उसी बूथ में संबंधित शिक्षक की ड्यूटी आमतौर से लगाई जाती है। जबकि इस स्कूल से दो शिक्षकों की ड्यूटी मटिया मतदान केन्द्र में लगाई गई है एवं दो शिक्षकों की ड्यूटी डोंगरगांव मतदान केन्द्र में लगाई गई है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पदुमतरा के धार्मिक आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। नववर्ष 2025 के पावन अवसर पर ग्राम पदुमतरा में आयोजित होने वाले धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों को लेकर आज भिलाई स्थित निवास में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात की गई। इस दौरान उन्हें ग्राम पदुमतरा में आयोजित होने वाले माँ बगलामुखी यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया गया। मुलाकात के दौरान जानकारी दी गई कि 1 जनवरी को माँ बगलामुखी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। वहीं 2 जनवरी से 8 जनवरी तक राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य वाचन किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आध्यात्मिक चेतना, धर्म और संस्कृति से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी लेकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, ओमप्रकाश साहू, मोहन साहू, आरती महोबिया, रिंकू महोबिया, रितेश सिन्हा एवं पवन महोबिया उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उल्लेखनीय है कि ग्राम पदुमतरा में होने वाला यह धार्मिक आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक लाभ का माध्यम बनेगा बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करेगा।

# बंशी बंजारी में सिंडीकेट बनाकर किया जा रहा रेत का अवैध खनन, सैकड़ों ट्रिप रेत डंप



डोंगरगांव (दावा)। छुरिया ब्लॉक के तहसील कार्यालय कुमरदा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बंशी बंजारी में अवैध रेत खनन धड़ल्ले से जारी है। पिछले कई महीनों से कथित तौर पर अवैध रेत खनन लगातार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत माफिया ने संगठित सिंडिकेट बनाकर अवैध रेत खदान का संचालन कर रखा है। बिना वैध अनुमति के रेत का उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक दिन-रात ट्रैक्टरों और माजदा व भारी वाहनों के माध्यम से रेत का खनन व परिवहन किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित रह गई है। इससे रेत माफिया के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं।

**कई बार शिकायत होने के बाद भी तहसीलदार नहीं कर रही कार्यवाही**

### सैकड़ों ट्रीप रेत डंप

गांव के ही मुख्य मार्ग से लगे शासकीय जमीन पर रेत माफिया द्वारा सैकड़ों ट्रीप रेत डम्प किया गया है। जिसकी भी शिकायत की गई है पर कार्यवाही से लगातार अधिकारी बचते नजर आ रहे हैं। कई बार शिकायत होने के बाद भी तहसीलदार नहीं कर रही कार्यवाही करीब माह से यहां अवैध रेत खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। जिसकी शिकायत कई बार कुमर्दा तहसीलदार आकांक्षा साहू से की गई है पर उन्होंने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि ये मामला माइनिंग विभाग का है और वे इस पर कार्यवाही करेंगे।

### उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में होगी कार्यवाही

अवैध रेत खनन और भारी मात्रा में रेत डंप की शिकायत के बाद राजस्व निरीक्षक सलाम खान मौके पर दूसरी बार पहुंचे पर कार्यवाही किये बिना ही लौट गई। जब उनसे पूछा गया कि लगातार शिकायत के बाद भी कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही तो उन्होंने कहा कि तहसीलदार मैडम को सूचित किया गया है। उनके मार्गदर्शन में कार्यवाही की जाएगी। उनके आदेश की देरी है।

# पहला कॉलम...

## पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ का हुआ सफल आयोजन



डोंगरगांव (दावा)। आज गायत्री शक्तिपीठ डोंगरगांव में 44वें वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ श्रद्धा और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ आयोजन में बड़ी संख्या में गायत्री परिजन, श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। वेदमंत्रों की गूंज और यज्ञीय आहुतियों से सम्पूर्ण वातावरण दिव्य चेतना से ओतप्रोत हो गया।

महायज्ञ का संचालन जयप्रकाश सिन्हा जिला समन्वयक द्वारा विधिपूर्वक किया गया। इस अवसर पर गायत्री मंत्र की महत्ता, यज्ञ के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पक्ष तथा युग निर्माण आंदोलन के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। 44वें वार्षिक उत्सव के इस विशेष अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ डोंगरगांव की ओर से एक सराहनीय पहल के अंतर्गत उपस्थित श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका भेंट की गई। आयोजकों ने बताया कि प्रज्ञा अभियान पत्रिका युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है, जो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन और संस्कार निर्माण में सहायक है। श्रद्धालुओं ने पत्रिका प्राप्त कर नियमित अध्ययन एवं विचार-प्रसार का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ, प्रसाद वितरण एवं सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन अनुशासन, समर्पण और सेवाभाव का उत्कृष्ट उदाहरण बना। 44वां वार्षिक उत्सव क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने वाला प्रेरक आयोजन सिद्ध हुआ।

## आज सुशासन सप्ताह के तहत मेढ़ा में शिविर

डोंगरगढ़/मेंढ़ा (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के द्वारा आयोजित सुशासन सप्ताह प्रशासन की ओर 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंढ़ा में 22 दिसंबर को आयोजन रखा गया है। जिसमें आसपास के ग्रामीणजन भी अपनी समस्याओं, मांग, शिकायत का आवेदन के माध्यम से लिया जाएगा। जिसका निराकरण के लिए विभिन्न विभागों द्वारा निराकरण किया जाएगा। सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं के बारे जानकारी दिया जाएगा, ताकि विभागीय योजनाओं से लाभान्वित होकर लोग अपनी जिंदगी में बदलाव ला सके। शिविर में प्राप्त प्राप्त आवेदनों के बाद पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

## दीवानभेड़ी मंडई 7 को, रंग छत्तीसावालों का होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम दीवानभेड़ी में हैप्पी क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में मंडई मेला का आयोजन 7 जनवरी बुधवार को रखा गया है। इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रंग छत्तीसा राजनांदगांव वालों का कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से आयोजित है। जिसमें लोक गायिका पूनम विराट और बेला विराट की विशेष प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश गांधी पूर्व जिपं अध्यक्ष शामिल होगें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जागृति चुन्नी यदु सभापति जिपं राजनांदगांव करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डोंगरगांव नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, तुमड़ीबोड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, जपं उपाध्यक्ष मनीष साहू, सदस्य जपं ममता मनीष पटेल, मंत्री मंडल भाजपा तुमड़ीबोड़ गोकुल साहू, प्राधि.अधि.से.सह.स.दीवानभेड़ी हेनूराम साहू, अध्यक्ष अनु.मोर्चा डोंगरगांव नसीब रात्रे, सरपंच दीवानभेड़ी सोनिया जगत मंडावी, उपसरपंच लोकेश्वर साहू, अध्यक्ष ग्राम समिति दुबेदास साहू एवं समस्त पंचगण व ग्राम प्रमुखगण शामिल होंगे।

## सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर के तहत ग्राम भर्रेगांव में शिविर आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रेगांव में शिविर का आयोजन किया गया। जिले में सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 2025 के अंतर्गत शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। जिसमें कुल 449 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 95 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में 17 आधार कार्ड और परिवहन विभाग द्वारा 7 ड्राईविंग लायसेंस बनाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, सीईओ मनीष साहू, भर्रेगांव क्लस्टर में आने वाले अन्य ग्राम पंचायतो के सरपंच, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# 15 गांवों में हुआ उजियारा डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंधेरी गलियों में लगी सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइटें





डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ विकासखंड के 15 गांव के गलियां चौक चौराहा तिराहा में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाकर ग्रामीणों के जीवन में उजियारा बिखरने का कार्य एचडीएफसी बैंक परिवर्तन द्वारा किया जा रहा है। पहले गांव की अधिकांश गलियां चौराहा तिराहा अंधेरे में डूबी रहती थी। मगर अब गलियों में सौर ऊर्जा से स्ट्रीट लाइट लगा जगमगा रही है।

इसका सीधा लाभ अब ग्रामीणों सहित सभी को मिलने लगा है। डोंगरगढ़ ब्लॉक के 15 गांव में समग्र ग्रामीण विकास परियोजना एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तहत कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसकी कार्यकारी संस्था समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से 15 गांव में सौर ऊर्जा लाइट स्थापना का कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो चुका है।

जिसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संस्थान संसाधन में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट का उपयोग करके एक स्थाई और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान किया जाए जो ग्रेड आधारित ऊर्जा पर निर्भरता पर काम करती है । यह लाइट सौर ऊर्जा को बिजली में परिवर्तित करती हैं। जिसे दिन के एक रिचार्जेबल बैटरी में संग्रहित किया जाता है और रात में प्रकाश के लिए उपयोग किया जाता है। जिसमें परिचालन लागत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलगांव सहित सभी 15 गांव में लाइट लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें प्रोजेक्ट मैनेजर भैया सिंह झारे, सोशल मोबिलाइजर नंदलाल साहू, एग्रीकल्चर एक्सपर्ट सोमनाथ चावले, प्रिया आनंद और 15 गांव के सीआरपी ग्राम बेलगांव से अंकिता गोस्वामी, ग्राम अछोली से वैशाली कोचे, ग्राम मुरमुंदा से कुंदन निषाद, भोथली से नेहरू देवांगन, कलकसा से मुकेश साहू, देवकट्टा से तनुजा पटेल, रीवागहन से आरती वर्मा, शिवपुरी से राजिंदर कौर, शिवनीकला से साक्षी, सहसपुर से कविता, बिजनापुर से किरण, पुरैना से सोनिया वर्मा, मनकी से मुकेश साहू, खुर्शीपार से तोमेश्वर, बिलहरी से प्रदीप सिन्हा सहित सभी सीआरपी के कार्य को सभी गांव के लोग प्रशंसा कर रहे हैं और समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट एचडीएफसी बैंक परिवर्तन को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं जो गांव को विकसित की ओर ले जाकर गांव के कई गली चौक चौराहों पर रात के समय में अंधेरा रहता था। आज वह उजाला और ऊर्जा लाइट लगने से ग्रामीणों को रात के समय में गांव में आने जाने वाले लोगो को सुविधा प्रदान कर रही है। पहले अंधेरे के कारण भारी दिक्कतों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता था। मगर आज रात में गांव उजियारा नजर आ रहा है।

**एचडीएफसी बैंक द्वारा की जा रही अभिनव पहल**

# सर्व हिंदू समाज के द्वारा मनाया गया हिंदू सम्मेलन



डोंगरगढ़ (दावा)। संघ शताब्दी वर्ष के निमित प्रत्येक बस्ती एक विशाल हिंदू सम्मेलन के तहत, डोंगरगढ़ के बुधवारी पारा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन 20 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को पटेल बड़ी, साहू धर्मशाला में आयोजित किया गया, जिसमें भारत माता की पूजा, महिला समिति द्वारा भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अथितियों के द्वारा उद्बोधन कर, बहुत ही सुंदर रूप में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक विश्व नाथ बोगी, साहू समाज प्रमुख हेमंत साहू, जिला बौधिक प्रमुख श्रीमती वैशाली देशकर उपस्थित रहे। सभी समाज प्रमुखों को गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया, वाल्मीकि समाज से तरुण हथेल, निषाद समाज से शंकर लारिया, राजपूत समाज से गोवर्धन राजपूत, साहू समाज से हंसराज साहू, सिख समाज से जसमीत बन्नोआना, देवांगन समाज से कंवलराम देवांगन, वर्मा समाज से रमेश वर्मा, ब्राह्मण समाज से अनुराधा शर्मा, यादव समाज से विश्वनाथ यादव, जैन समाज से अमित जैन, वैश्य समाज से मनोज गुप्ता, रविदास समाज से कुश मालेकर, महाराष्ट्रीयन तेली समाज से बालमुकुंद तराने, पटवा समाज से लखन लाल, स्वर्णकार समाज से रमेश बहेकर उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, वार्ड पार्षद सुश्री शिवांगी साखरे श्रीमती बबीता मलागर, श्रीमति रेखा रघोरते एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# झिथराटोला में उमड़ा आस्था का सैलाब, विशाल हिंदू सम्मेलन में गूंजा सामाजिक समरसता का मंत्र




छुरिया (दावा)। चिचोला मंडल के ग्राम झिथराटोला स्थित शिव शक्ति संगम स्थल पर शनिवार 20 दिसंबर को एक भव्य और ऐतिहासिक विशाल हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर आयोजित इस समागम में क्षेत्र के 12 गांवों से आए हिंदू परिवारों, समाज प्रमुखों और श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ा। इस आयोजन ने पूरे वनांचल क्षेत्र में सनातन संस्कृति और सामाजिक एकजुटता का एक सशक्त संदेश दिया है।

**आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर ऐतिहासिक समागम, 12 गांवों के हजारों सनातनी हुए शामिल, एकता का लिया संकल्प**

सम्मेलन के मुख्य वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि समाज का संगठित होना ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने राष्ट्रहित और सनातन मूल्यों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। वहीं सुप्रसिद्ध कथावाचक कृष्ण शुभम महाराज ने अपनी अमृतवाणी से लोगों को महापुरुषों के आदर्शों पर चलने और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिलाओं की प्रभावशाली सहभागिता रही। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने समाज निर्माण में माताओं के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने तुलसीदास जी और रत्नावली की प्रेरक कथा के माध्यम से संदेश दिया कि सांसारिक मोह त्यागकर धर्माचरण अपनाना ही कल्याणकारी है। उन्होंने आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण जीवन जीने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य जलकलश यात्रा के साथ हुआ। वातावरण तब और भी भक्तिमय हो गया जब बच्चों ने देशभक्ति गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। पुरामटोला मानस परिवार के भजनों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर सभी समाज प्रमुखों को एक मंच पर सम्मानित कर एकता का संदेश दिया गया। उपस्थित भागवताचार्यों और मातृशक्तियों का श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया। आयोजन के अंत में विशाल भंडारा प्रसादी का वितरण हुआ।

कार्यक्रम का समापन 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के मंत्र और विश्व कल्याण की कामना के साथ हुआ। अंत में उपस्थित जनसमूह ने पूर्ण निष्ठा के साथ सनातन धर्म को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का सामूहिक संकल्प लिया। यह सम्मेलन क्षेत्र में सांस्कृतिक गौरव और धार्मिक एकजुटता का एक ऐतिहासिक प्रतीक बनकर उभरा है।

# गुरु घासीदास महान संत व समाज सुधारक थे - विक्रांत



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेकापार कला में संत शिरोमणि गुरुघासीदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि गुरुघासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों ने संत गुरुघासीदास के विचारों एवं उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, संत गुरुघासीदास ने समाज को मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर सामाजिक समरसता की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि संत के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में भाईचारा, समानता और शांति स्थापित की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से संत गुरुघासीदास के विचारों को आत्मसात करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। जिनमें भजन एवं गीत के माध्यम से संत गुरुघासीदास के जीवन दर्शन को दर्शाया गया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। आयोजक समिति द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नरेश कुर्रे, संतोष वर्मा, अशोक वर्मा, हेमलाल वर्मा, भागी वर्मा, दुर्गा वर्मा, रामकुमार वर्मा, रामचंद वर्मा, चंद्रेश वर्मा, दिनु नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नेल्सन हेराल्ड मामले में कांग्रेस ने घेरा भाजपा कार्यालय




खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नेल्सन हेराल्ड प्रकरण के विरोध में खैरागढ़ जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय का घेराव करने का प्रयास किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन को पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच रोक दिया। प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पिपरिया क्षेत्र में एकत्र हुए और भाजपा कार्यालय की ओर मार्च करने लगे। हालांकि पहले से तैनात पुलिस बल ने बैरिकेटिंग कर उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। भाजपा कार्यालय एवं आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल की तैनाती रही। जिससे प्रदर्शनकारी कार्यालय तक पहुंचे, लेकिन पुलिस ने कार्यालय के बाहर ही रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने वहीं नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया और शांतिपूर्ण ढंग से लौट गए।

पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने नेशनल हेराल्ड मामले को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का उपयोग कर कांग्रेस नेतृत्व को डराने और बदनाम करने की कोशिश कर रही है। गिरीवर जंघेल ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी जैसे वरिष्ठ नेताओं को बार-बार तलब करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस दबाव से डरने वाली नहीं है और सड़कों से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रहेगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक था। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी सहित अन्य केंद्रीय एजेंसियों को भाजपा सरकार ने राजनीतिक हथियार बना लिया है। कोमल साहू ने कहा नेशनल हेराल्ड केस में हमारे वरिष्ठ नेताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। यह केवल कांग्रेस नहीं बल्कि पूरे विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास है, जो संविधान और लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे मामलों को हवा दे रही है, जबकि कांग्रेस जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने सामूहिक रूप से कहा कि यह आंदोलन एक दिन का नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए निरंतर जारी रहेगा। आने वाले दिनों में भी पार्टी इसी तरह जनआंदोलन करती रहेगी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भिखमचंद छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष छुईखदान रामकुमार पटेल, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, पुरूषोत्तम वर्मा, अरशद हुसैन, यतेंद्र जीत सिंह छोटू, किसन रजक, संदीप सिरमौर, रिंकू गुप्ता, रविन्द्र सिंह गहरवार, चंद्रेश वर्मा, मनोहर सेन, समीर कुरैशी, सुहैल खान रानू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# आदि श्री सेवा संघ ने पुष्प वर्षा और प्रसादी वितरण कर किया शोभायात्रा का स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार 18 दिसंबर को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सामाजिक संगठन आदि श्री सेवा संघ द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सफेद ध्वज और बाबा के जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा जैसे ही स्वागत स्थल पर पहुंची। आदि श्री सेवा संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बाबा गुरु घासीदास जी के तैलचित्र पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान संगठन की ओर से श्रद्धालुओं और राहगीरों को प्रसादी का वितरण भी किया गया। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन के संयोजक राजेश रजक, अध्यक्ष नेमचंद साहू, उपाध्यक्ष गंगोत्री यदू, सचिव स्वाति सेंद्रे और सहसचिव प्रवेश रनसुरे उपस्थित रहे। साथ ही कोषाध्यक्ष स्वाति शर्मा, सदस्य हूपेंद्र शर्मा, संदीप, बिंदिया सिंह, रुक्मणी राव, कुनाली नंदनवार, प्रहलाद चौहान, सभ्यता रजक एवं परी राव सहित अन्य सदस्यों ने सेवा कार्य में अपना योगदान दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के मनखे-मनखे एक समान का संदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। इसी मार्ग पर चलते हुए संगठन निरंतर सामाजिक और सेवा कार्यों में अग्रणी रहने का प्रयास करता है।

# एशेज जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बादशाहत की मजबूत, इंग्लैंड को हुआ तगड़ा नुकसान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही एशेज सीरीज 2025-26 का तीसरा मैच एडिलेड ओवल में खेला गया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 82 रन से मात दी और सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

मैच में इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रन का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करते हुए इंग्लिश टीम मैच के आखिरी दिन दूसरे सेशन में 352 रन पर ही ढेर हो गई। इस शानदार जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 11 दिन के अंदर ही एशेज सीरीज रिटेन कर ली। पर्थ और ब्रिस्बेन टेस्ट में 8-8 विकेट से जीत हासिल करने के बाद कंगारू टीम ने तीसरा टेस्ट मैच भी जीत लिया।कंगारू टीम का इस जीत के बाद भी डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में बादशाहत बरकरार है, जबकि इंग्लैंड की टीम की हात भारत से भी खराब है। इंग्लैंड की जीत प्रतिशत घटकर अब 30 से भी कम का रह गया है।




दरअसल, डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार है। अभी तक डब्ल्यूटीसी में कंगारू टीम ने 6 मैच खेले हैं और सभी मैच में जीत हासिल की है। उनका जीत प्रतिशत अंक 100 है और वह पहले पायदान पर बरकरार है। वहीं, हार की हैट्रिक लगाने वाली इंग्लैंड की टीम की हालत खराब है।

इंग्लैंड की टीम का जीत प्रतिशत घटकर अब 30 से भी कम रह गया है। कंगारू टीम के बाद दूसरे पायदान पर साउथ अफ्रीका है। भारतीय टीम ने 9 मैच खेले है, जिसमें से 4 मैच में उन्हें जीत और 4 में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि एक मैच ड्रॉ हुआ है। भारत का जीत प्रतिशत 48.15 का है। इंग्लैंड की टीम 7वें पायदान पर 27.08 जीत प्रतिशत के साथ मौजूद है। वहीं, टॉप-5 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के अलावा न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान है। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम इंडिया टॉप-5 से बाहर हो गई है। साउथ अफ्रीका से सूपड़ा साफ करने के बाद भारत का ये बुरा हाल है।

अगर बात करें मैच की तो एडिलेड टेस्ट मैच में पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 4 विकेट की दरकार थी। जेमी स्मिथ (60), विल जैक्स (47) और ब्रायडन कार्स (नाबाद 39) ने संघर्ष किया, लेकिन वो इंग्लैंड को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं थी। मिचेल स्टार्क ने स्मिथ, जैक्स के साथ जोफ्रा को आउट करके टीम को जीत के करीब ला दिया। फिर स्कॉट बोलैंड ने जोश टंग को आउट कर कंगारू टीम की जीत पक्की की। एडिलेड टेस्ट में कंगारू टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 371 रन बनाए थे। विकेटकीपक बैटर एलेक्स कैरी ने शानदार 106 रन की पारी खेली थी।

# शुभमन गिल को 2026 टी20 वर्ल्ड कप टीम में नहीं मिली जगह, 5 और बड़े सितारे भी गायब

नई दिल्ली। शुभमन गिल भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम का हिस्सा नहीं हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 20 दिसंबर को 2026 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम इंडिया का एलान कर दिया है, जिससे शुभमन गिल गायब हैं. यह चौंकाने वाला निर्णय इसलिए है क्योंकि पिछले 2-3 महीनों से गिल टी20 टीम के उपकप्तान बने हुए थे. उनके अलावा भी वर्ल्ड कप स्क्वाड से कई बड़े सितारे गयाब हैं. यहां देखिए उन खिलाड़ियों की लिस्ट, जिन्हें वर्ल्ड कप टीम में स्थान नहीं मिला है.



**शुभमन गिल-** वर्ल्ड कप स्क्वाड से गायब सबसे बड़ा नाम शुभमन गिल का है, जो अगस्त 2025 में टी20 टीम में वापसी के बाद से ही उपकप्तान के पद पर बने हुए थे. दुर्भाग्यवश उनकी टी20 फॉर्म पिछले मैचों में बहुत खराब रही है, और इस साल टी20 मैचों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं.

**ऋषभ पंत-** दूसरा बड़ा नाम ऋषभ पंत का है, जो टेस्ट टीम के उपकप्तान हैं लेकिन टी20 स्क्वाड का नियमित हिस्सा नहीं रहे हैं. बतौर विकेटकीपर संजू सैमसन और ईशान किशन को वर्ल्ड कप स्क्वाड में स्थान मिला है. ऐसे में सैमसन को प्लेइंग इलेवन के लिए प्राथमिकता दी जा सकती है.

**मोहम्मद सिराज-** मोहम्मद सिराज आखिरी बार जनवरी 2025 में भारत के लिए कोई टी20 मैच खेले थे. उसके बाद से हर्षित राणा बतौर तेज गेंदबाज टी20 टीम का नियमित हिस्सा बने रहे हैं. क्कष्टष्ठ्र ने वर्ल्ड कप के लिए पेस अटैक का जिम्मा जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को सौंपा है. स्क्वाड देखने पर स्पष्ट हो जाता है कि टी20 टीम में सिराज की जगह हर्षित राणा फिट हो चुके हैं.

**यशस्वी जायसवाल-** यशस्वी जायसवाल 2024 टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे. अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में 36 का औसत और 164.31 का स्ट्राइक रेट, फिर भी जायसवाल को टीम में जगह ना मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है. मगर स्क्वाड में अभी कई सारे ओपनिंग के विकल्प मौजूद हैं. ऐसे में शायद जायसवाल को स्क्वाड में फिट कर पाना बहुत मुश्किल था.

**जीतेश शर्मा-** जीतेश शर्मा का भी स्क्वाड में ना होना चौंकाने वाला तथ्य है. दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में संजू सैमसन बेंच पर बैठे रहे, लेकिन बतौर विकेटकीपर जीतेश शर्मा खेले थे. लगातार 2 सीरीज खेलने के बाद भी जीतेश को बाहर किया गया है. दूसरे विकेटकीपर के तौर पर ईशान किशन को टीम में जगह मिली है.

# धान के बेहतर समर्थन मूल्य से कृषक गंगाराम का घर बनाने का सपना होगा साकार

मोहला (दावा)। सरकार द्वारा धान खरीदी व्यवस्था में लागू की गई पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं डिजिटल प्रक्रिया से जिले के किसानों को व्यापक सहूलियत मिल रही है। टोकन व्यवस्था से लेकर तौल एवं भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया को सरल, सहज और किसान-हितैषी बनाया गया है। मोहला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पाऊरझोला के कृषक गंगाराम बोगा इस व्यवस्था से लाभान्वित किसानों में शामिल हैं।



कृषक गंगाराम बोगा ने बताया कि, उन्होंने इस वर्ष लगभग सात एकड़ भूमि में उच्च गुणवत्ता वाली धान की खेती की। अनुकूल मौसम एवं समय पर शासन के सहयोग से उन्हें लगभग 100 क्विंटल धान का उत्पादन प्राप्त हुआ। खरीफ विपणन वर्ष के अंतर्गत उन्होंने 100 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्र में विक्रय किया। उन्होंने बताया कि उपार्जन केन्द्र में धान की नाप-तौल पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ की गई। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, विलंब अथवा कटौती की कोई शिकायत नहीं हुई। शासन द्वारा निर्धारित 3100 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने कहा कि धान विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपने घर के निर्माण में करेंगे, जिससे उनका वर्षों पुराना सपना साकार होगा।

### 'तुहंर टोकन' ऐप की डिजिटल सुविधा से समाप्त हुई अनावश्यक भागदौड़

कृषक गंगाराम बोगा ने 'तुहंर टोकन' मोबाइल ऐप की विशेष रूप से सराहना करते हुए बताया कि, इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से उन्होंने घर बैठे ही अपना टोकन ऑनलाइन प्राप्त कर लिया। इससे उन्हें समिति के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि पूर्व में टोकन कटवाने के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी, लेकिन इस वर्ष यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो गई है।

ऑनलाइन टोकन प्राप्त होने के बाद वे निर्धारित तिथि एवं समय पर सीधे उपार्जन केन्द्र पहुंचे और आसानी से धान विक्रय किया। इस डिजिटल व्यवस्था से किसानों के समय, श्रम एवं संसाधनों की बचत हो रही है। साथ ही किसानों का भरोसा बढ़ा है और धान खरीदी प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनी है।

# आज ग्राम आसरा में हिंदू सम्मेलन

डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आसरा एवं तिलईरवार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन 22 दिसंबर, सोमवार को बाजार चौक, ग्राम आसरा में किया जाएगा। आसरा मंडल पालक चुन्नी लाल यदु ने बताया कि आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में विश्वनाथ योगी (प्रान्त समरसता प्रमुख), गिरवर दास साहेब (कबीर मठ, नादिया) एवं मातृ शक्ति श्रीमती लक्ष्मी राठी उपस्थित रहेंगे, जो अपने विचारों से उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम की संयोजक राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु होंगी। वहीं रंजीता पड़ोती (जनपद अध्यक्ष, डोंगरगांव), शरद वैष्णव (सरपंच, ग्राम पंचायत आसरा) सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल होंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

# जिले में 50451 पंजीकृत किसानों से 617 करोड़ का 2597284 क्विंटल धान की खरीदीं

राजनांदगांव (दावा)। जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है।

धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे है। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 50451 पंजीकृत किसानों से 616 करोड़ 74 लाख 57 हजार रूपए मूल्य का 2597284 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 308146.80 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।



उपार्जन केन्द्रों से 308146.80 क्विंटल धान का उठाव

# गांव की ओर शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन पहुँचा मानपुर

मोहला (दावा)। शासन की जनहितैषी एवं लोककल्याणकारी मंशा को साकार करने के उद्देश्य से सुशासन सप्ताह-2025 के अंतर्गत जिले में 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के दूसरे दिन विकासखंड मानपुर में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीण नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी ने जनसामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को जागरूक होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करनी होगी, तभी शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सकेगा। उन्होंने कहा कि 'प्रशासन गांव की ओर' शासन की एक सराहनीय पहल है, जिसके माध्यम से सभी जिला स्तरीय विभाग आपके द्वार तक पहुँच रहे हैं, लेकिन योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक कदम नागरिकों को भी आगे बढ़ाना होगा। विकसित समाज की कल्पना तब तक संभव नहीं है, जब तक नागरिक आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होंगे।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि, सभी विभागों में जनसामान्य से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित हो रही हैं, किंतु जानकारी के अभाव में कई पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे पात्र एवं जरूरतमंद हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं की जानकारी देने के साथ मार्गदर्शन प्रदान करते हुए लाभान्वित किया जाए। कार्यक्रम का समापन उद्बोधन अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम द्वारा किया गया।अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को दूरस्थ क्षेत्रों से जिला अथवा विकासखंड कार्यालयों तक आने की आवश्यकता से मुक्त करना, उनके समय एवं संसाधनों की बचत करना तथा शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सीधे गांव स्तर पर उपलब्ध कराना है। शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहज रूप से पहुँच सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुशीला भंडारी, जनपद सदस्य श्रीमती रेणु टांडिया, श्रीमती कांता ठाकुर, रविन्द्र सलामे, जनप्रतिनिधि दिलीप वर्मा, मदन साहू, प्रकाश मिश्रा, श्रीमती संगीता मिश्रा, धरमू भुआर्य, ओमप्रकाश चाण्डक, अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम, डिप्टी कलेक्टर डी.आर. ध्रुव, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, सीईओ जनपद पंचायत मानपुर मोहम्मद हनीश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### विभागों ने लगाए स्टॉल, पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

मानपुर में आयोजित शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, हथकरघा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, मत्स्य पालन विभाग सहित विभिन्न जिला स्तरीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित 32 से अधिक आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों को ट्राईसायकल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए गए।

### आज विकासखंड मोहला में आयोजित होगा शिविर

जिला स्तरीय शिविर की अगली कड़ी में 22 दिसंबर को विकासखंड मोहला में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मैदान, मडिंगपीडिंग भुर्सा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा एक ही स्थान पर नागरिकों की शिकायतों का निराकरण, आवेदन प्राप्त करना तथा आवश्यकतानुसार ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

*ईवीएम में सब सेट था : महाराष्ट्र निकाय चुनाव....*

दिया है कि असली शिवसेना कौन है। खुद मतदाताओं ने असली शिवसेना पर मुहर लगा दी है।

**उन्हें जनता ने घर बैठा दिया- शिंदे :** उद्धव ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए शिंदे ने कहा, 'कुछ लोग पार्टी को अपनी जागीर समझते थे और कार्यकर्ताओं को नौकर, लेकिन हमने दिखाया कि शिवसेना कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाली पार्टी है। जिन लोगों ने कार्यकर्ताओं को निकाय चुनावों में अकेला छोड़ दिया और घरों से बाहर नहीं निकले, उन्हें मतदाताओं ने घर पर बैठा दिया है।' उपमुख्यमंत्री शिंदे ने आगे कहा, विपक्ष चुनाव आयोग और कोर्ट पर आरोप लगा रहा था, लेकिन आज जनता की अदालत ने फैसला सुनाया और न्याय किया। जनता की अदालत ने बता दिया कि असली शिवसेना किसकी है।

**संजय राउत का गंभीर आरोप :** दूसरी ओर, करारी हार के बाद उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत ने चुनाव की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने जीत को 'ईवीएम सेटिंग' और 'धनबल' का नतीजा बताया। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा, विधानसभा के आंकड़े ही निकाय चुनावों में दोहराए गए हैं। बीजेपी ने श्वङ्करूमशीनों की सेटिंग नहीं बदली है, कम से कम आंकड़े तो बदलने चाहिए थे। राउत ने आरोप लगाते हुए कहा, जहां 30 करोड़ का बजट है, वहां चुनाव जीतने के लिए बीजेपी और शिंदे गुट ने 150-150 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पैसों की ऐसी बारिश के आगे कोई नहीं टिक सकता। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि असली प्रतिस्पर्धा विपक्ष से ज्यादा सत्ताधारी दलों के भीतर ही थी। निकाय चुनाव के प्रचार के लिए चार्टर्ड फ्लाइट और हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल हुआ, बहुत सारा पैसा खर्च किया गया।

*फर्जी सिम से म्यूल अकाउंट तक... साइबर ठगों....*

से 4 करोड़ रुपये से अधिक पीड़ितों को लौटाए जा चुके हैं। आईसी पोर्टल पर रिपोर्टेड मामलों के आधार पर रायपुर जिले के माना, देवेंद्र नगर, सिविल लाइन, तेलीबांधा और राखी थानों में अलग-अलग केस दर्ज किए गए। सभी में बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया में भेजा गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में और भी नाम सामने आए हैं, जो इन खातों के जरिए ठगी करते थे। ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि म्यूल बैंक अकाउंट और फर्जी सिम के खिलाफ यह कार्रवाई साइबर ठगों के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में बड़ा कदम है।

*दिल्ली में कोहरे का कहर, 110 उड़ानें रद्द,....*

पिछले कई दिनों से लगातार कोहरे के कारण दिल्ली और उत्तर भारत में कई एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित हुए हैं। एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दोनों एयरलाइंस ने यात्रियों से धैर्य बनाए रखने का अनुरोध किया है और कहा है कि वे सेवाओं को सामान्य करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली में रविवार सुबह एयर क्वालिटी इंडेक्स में रैंकिंग 386 दर्ज की गई है। पूरे शहर में हवा की गुणवत्ता चिंताजनक बनी रही। इनमें 16 मॉनिटरिंग स्टेशनों ने ह्रद्ब स्तर को गंभीर श्रेणी में दर्ज किया है। दिल्ली-एनसीआर में धुंध की मोटी चादर छाई हुई और वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। धुंध होने से विजिबिलिटी में कमी आई है जिससे सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक रविवार सुबह सात बजे दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 398 दर्ज किया गया। इसे हवा की बेहद खराब कैटेगरी में रखा गया है।

*पत्रकारों की लेखनी केवल सूचना का माध्यम ही...*

खान-पान और जीवनशैली को नजदीक से अनुभव कर सकें। इससे पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व के 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों में छत्तीसगढ़ के धुड़मारास को शामिल किया जाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों द्वारा दिए गए सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि इन पर गंभीरता से विचार कर उन्हें अमल में लाया जाएगा।इस अवसर पर जशपुर से विजय त्रिपाठी ने बताया कि राजस्थान भ्रमण के दौरान वहां की विधानसभा देखने का अवसर मिला, जहां आमजन को विधि निर्माण की प्रक्रिया और विधानसभा की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के लिए एक भव्य संग्रहालय का निर्माण किया गया है। इस संग्रहालय के माध्यम से राज्य निर्माण से लेकर वर्तमान तक की विधायी यात्रा और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के योगदान को समझने का अवसर मिलता है।कोरबा से विजय खेत्रपाल ने कहा कि इस अध्ययन भ्रमण के माध्यम से यह समझने का अवसर मिला कि राजस्थान में सैकड़ों वर्ष पुराने किलों और महलों को आधुनिक जनसुविधाओं से जोड़कर पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया गया है। इसके साथ ही रेगिस्तानी क्षेत्रों में जीप सफारी, ऊंट सवारी, पैरा-सेलिंग, डेजर्ट कैंप जैसी गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन को आकर्षक रूप दिया गया है, जो छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रभावी केस स्टडी हो सकती है। जगदलपुर के अर्जुन झा ने जयपुर स्थित चोकरधानी के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वहां ग्रामीण जीवन, लोकसंस्कृति और खान-पान को एक ही मंच पर प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसी प्रकार बस्तर पंडुम के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। टिंकेश्वर तिवारी ने भी राजस्थानी खान-पान की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों को पर्यटन स्थलों पर प्रमुखता से बढ़ावा देने पर जोर दिया। स्टेट न्यू सर्विस के युवा पत्रकार रजत अवस्थी ने राजस्थानी टोपी साफा से मुख्यमंत्री साय का सम्मान करते हुए पत्रकार भ्रमण योजना को प्रारम्भ करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह, जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजीव तिवारी, संयुक्त संचालक जितेंद्र नागेश सहित पत्रकारगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।


## ज्योतिष चमत्कार ( 22 दिसम्बर 2025 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 81 | 93 | 01 | 15 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 92 | 02 | 14 | 21 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 03 | 13 | 23 | 35 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 12 | 24 | 34 | 41 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 25 | 32 | 42 | 54 |
| शनि | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 31 | 43 | 53 | 62 |
| अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 9 |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 4 | 5 | 7 |
| स्पेशल | 28 | 46 | 53 | 71 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 56 | 60 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 57 | 69 | 76 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 68 | 78 | 89 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 79 | 87 | 96 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 97 | 09 |
| अंकों का बादशाह | | | | 2 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 3 |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 40 | 76 | 85 | 91 |

### सप्ताह में देखें (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

### सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

### अंक आपके पत्ते हमारे

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

### बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 97 | 67 | 79 | 09 | 87 |
| 78 | 52 | 12 | 72 | 64 | 17 |
| 16 | 43 | 78 | 91 | 27 | 30 |
| 64 | 30 | 97 | 55 | 97 | 39 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19 | 35 | 38 | 36 | 81 |
| 20 | 00 | 17 | 57 | 45 |
| 42 | 92 | 43 | 57 | 22 |
| 37 | 86 | 27 | 80 | 85 |

### जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल


कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-50-86-92-90
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166- 4-338-400-888 5-230-249-113-122 -177-366-799-889-555 6-330-466-600-222 7- 700-999 8-567-440-477-666 9-144-199-559-577-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-33-30-49-56-66-67-75- 78-88-95 -99-90-01
1-146-290-119-777, 2-660- 778-444,3-166 -599-111, 4-112-220-338-699-888, 5-366-447-555 6-556-600-222, 7-449-700-999, 8-189-288-666, 9-289-117-199 -388-577- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# तरुण हथेल ने भाई जैता जी को नमन

डोंगरगढ़(दावा)। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष तरुण हथेल ने भाई जैता जी को नमन करते हुए इतिहास में दर्ज हो चुके पन्नों को याद करते हुए बताया कि, गुरु गोबिंद सिंह ने भाई जैता जी (जिन्हें बाद में बाबा जीवन सिंह के नाम से जाना गया) को 'रंगरेटा गुरु का बेटा' की उपाधि दी थी, जब उन्होंने गुरु तेग बहादुर का कटा हुआ शीश दिल्ली से आनंदपुर साहिब पहुँचाया था, जो उनकी वीरता, निष्ठा और जातिगत भेदभाव मिटाने के गुरु के संदेश का प्रतीक था। श्री हथेल ने आगे कहा कि, सुदर्शन समाज के लिए गर्व की बात है कि, रंगरेटा गुरु का बेटा जो एक भंगी मेहतर समाज से आते थे, फिर सिक्ख धर्म अपनाया उनकी शहादत को भी पूरा सम्मान के साथ सिक्ख धर्म हम सब आज भी भाई जैता जी की बहादुरी को नमन करते हुए याद करते है।



गुरु गोबिंद सिंह ने भाई जैता जी को 'रंगरेटा गुरु का बेटा' की उपाधि दी थी

आज दुनिया देशभर में सिख समाज के दसवें गुरु तेग बहादुर की मुगल साम्राज्य के समय क्रूर शासक औरंगजेब के अत्याचार से जब पूरे भारत देश में कोहराम मचा रहा था। हमारे हिन्दू सनातनी धर्म के लोगों को जबरन मुसलमान बनाया जा रहा था, उस समय सारे हिंदू गुरु गोविंद सिंह के पास जाकर अपने ऊपर हो रहे अत्याचार को बताया। तब गुरु गोविंद सिंह, गुरु तेग बहादुर से कहा अपने साथियों के साथ जाकर औरंगजेब को चुनौती दो, इतना सुनकर गुरु तेग बहादुर ने दिल्ली जाकर क्रूर शासक औरंगजेब को कहा कि सारे अत्याचार तुम बन्द कर दो देश और देशवासियों के सुरक्षा के लिए पूरा सिख पंत खड़ा है, अभी सीखों की तलवार इतनी कमजोर नही पड़ी कि तुम इस भारत देश मे क्रूरता करो और हम देखते रहे इतनी बात सुनकर औरंगजेब भड़क गया कि, मेरी हुकूमत में अंदर घुसकर मुझे चुनौती दे रहा यह कौन है? तब औरंगजेब ने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि इसको गिरफ्तार करो और इसे और इसके सभी साथियों को पहले धर्म परिवर्तन करवाओ।

उसके बाद इस देशवासियों को देखूंगा इतना सुनकर गुरु तेग बहादुर ने अपनी तलवार खिंच निकाली और अपने सैनिकों के साथ औरंगजेब के ऊपर हमला कर दिया। उन्हीं की सल्तनत में गुरु तेग बहादुर ने कई मुगल सैनिकों को धड़ से सर कलम कर दिया। औरंगजेब सैनिकों के बीच छुप गया, तब धोखे से कोई सैनिक पीछे उन पर वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़े उसी वक्त सैकड़ों सैनिक ने उनको मिलकर घायल गुरु तेग बहादुर को बंधक बनाया और कई दिनों तक उनको तरह-तरह की यातनाएं दी गई। धर्म परिवर्तन के गुलाम बनने के लिए वह नही माने, अंत में क्रूर शासक औरंगजेब ने सैनिकों से कहा सजा ए मौत दिया जाए। धड़ से सर कलम कर दिया जाए जैसे सजा दी और पूरे दिल्ली देश में ये आहवान कर दिया, कोई अगर इसके शव को हाथ लगाया तो उसे और बड़ी सजा दी जाएगी।

## भारतीय संस्कृति, परम्परा, सभ्यता और गाय संरक्षण पर जागरुकता अभियान



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत भर्रेगांव के युवाओं को जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा 14 दिसंबर को भारतीय संस्कृति परंपरा और सभ्यता एवं गाय संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम चैरिटी के सदस्य शोभा बाई गणवीर द्वारा युवाओं को उत्साहित करते हुए उन्होंने कहा आज के युवा पीढ़ियां को प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए आज का युवा वर्ग राष्ट्र का निर्माता होता है युवाओं में लगन और उत्साह अधिक होती है वह सामाजिक परिवर्तन ला सकती है। हमारे देश की प्राचीन सभ्यता परंपरा और संस्कृति नष्ट होने के कंगार में आ चुकी है ऐसे में हम युवा वर्गों का दायित्व की हमारी प्राचीन सभ्यता परंपरा और संस्कृति को बनाए रखने के लिए यथासंभव प्रयास करना चाहिए तथा गाय का पालन ही नहीं बल्कि गौ माता की पूजा अर्चना करती हुई उनका संरक्षण करना चाहिए।

# गोडलवाही में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर शिविर आयोजित



उज्जवला योजना से महिलाओं को गैस कनेक्शन, बिहान समूह को 3 लाख का बैंक लिंकेज

जोंधरा (दावा)। जिले में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक कलस्टर वार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड छुरिया के दूरस्थ वनांचल ग्राम गोडलवाही में प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 24 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया।

विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभ प्रदान करने हेतु स्टॉल लगाए गए। शिविर में कुल 195 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 70 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छताग्राही महिलाओं एवं मितानिनों का सम्मान किया गया।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिला हितग्राही पूर्णिमा साहू, आरती बाई, हेम बाई एवं सुखबती बाई को गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। बिहान योजना के अंतर्गत पदम कर्मा स्वसहायता समूह जोंधरा को 3 लाख रुपये का बैंक लिंकेज स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गोपाल सिंह भुआर्य, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती जैमुन कंवर, सीईओ जनपद पंचायत होरीलाल साहू, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को राहत



- बैंक शाखा जाने की झंझट से मिली मुक्ति, किसान समितियों से ही निकाल रहे धान विक्रय का पैसा
- 19 समितियों से 1 करोड़ 93 लाख रुपए से अधिक की हुई

मोहला (दावा)। धान खरीदी वर्ष 2025-26 में कृषकों को उनके धान विक्रय पश्चात समिति में ही भुगतान प्राप्त करने हेतु जिले में संचालित 19 आ.जा./प्रा.सेवा सहकारी समितियों में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से माइक्रो एटीएम सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे जिले के किसानों को धान विक्रय की राशि निकालने में सुविधा हो रही हैं। वहीं किसानों को बैंक शाखा के चक्कर लगाने से साथ लाइन लगाने झंझट से राहत मिली हैं।

आमाटोला धान उपार्जन केंद्र में पहुंचे राजाटोला निवासी कृषक महेश एवं शंकर ने बताया कि, समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा से काफी राहत मिली हैं। धान विक्रय पश्चात पैसा निकालने में बैंक शाखा में भीड हो जाती है, जिससे लाइन में लगने से काफी समय व्यर्थ होता हैं, लेकिन समितियों में उपलब्ध माइक्रो एटीएम से उन्होंने 20 हजार रुपए कुछ ही समय में निकाल लिए, बिना लाइन में लगे।

माइक्रो एटीएम के माध्यम से कार्यालयीन दिवसों एवं समय में कृषकों द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा प्रदाय रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रतिदिन 20 हजार रूपये तक की राशि आहरण एवं जमा की जा सकेगी। लेन-देन पश्चात एजेंट समिति द्वारा अपने ग्राहकों को सिस्टम जनरेटेड स्लीप भी प्रदाय करेगी। कृषक अपने रूपे एटीएम कार्ड के माध्यम से बैंक शाखा के अलावा अपनी समितियों में भी राशि आहरण/जमा हेतु इस सुविधा का लाभ ले सकते है। समितियों द्वारा यह सुविधा पूर्णतः निःशुल्क प्रदाय की जाएगी।अब तक जिले के 2 हजार 631 किसानों द्वारा 1करोड़ 93 लाख 65 हजार 996 रुपए समितियों के माध्यम निकले गए हैं।

# गहिराभेड़ी में गुरुघासीदास बाबा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि रहे खुज्जी विधायक भोलाराम साहू

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम पंचायत गहिराभेड़ी, विकासखंड छुरिया में महान समाज सुधारक संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ गरिमामय रूप से संपन्न हुई। कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और प्रभाव और अधिक बढ़ गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री साहू ने अपने उद्बोधन में गुरु घासीदास बाबा जी के अमर संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' को सामाजिक समानता, भाईचारे और मानवता की सशक्त नींव बताया। उन्होंने कहा कि बाबा जी के विचार आज भी समाज को सत्य, अहिंसा, न्याय और समरसता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने युवाओं से बाबा जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।



समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात पंथी नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा जी के जीवन दर्शन का भावपूर्ण स्मरण किया गया। श्रद्धा, सामाजिक चेतना और एकता से ओत-प्रोत यह आयोजन क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। इस अवसर पर राजकुमार सिन्हा (कार्यकारिणी अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया), पुरन नेताम (संयुक्त महामंत्री), राधेलाल जोशी (अध्यक्ष, ब्लॉक सतनामी समाज), रोशन साहू, टेकमदास महिलाकर (उपाध्यक्ष, ब्लॉक सतनामी समाज), उमाशंकर मारकण्डे, सुंदर लाल चतुर्वेदी, सुशील राम लहरे (संरक्षक, ब्लॉक सतनामी समाज), लखन लाल माण्डले (कोषाध्यक्ष, ब्लॉक सतनामी समाज), ग्राम पंचायत गहिरामंडी की सरपंच श्रीमती देवबाई पोर्ते, सचिव कमलेश भरद्वाज सहित अनेक समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा ईश्वर लाल साहू, दिलीप साहू, अर्जुन साहू, अध्यक्ष हरिरामदास, वरिष्ठ महिला श्रीमती देवबाई महिलाकर सहित बड़ी संख्या में युवा, मातृशक्ति एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# राजनांदगांव में आरएएमपी योजना पर जिला स्तरीय सेंसिटाइज़ेशन कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। आरएएमपी (रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमइ परफॉर्मेंस) योजना के अंतर्गत शुक्रवार को होटल राज इम्पिरिअल, राजनांदगांव में जिला स्तरीय सेंसिटाइज़ेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन भावसर फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भावसर फाउंडेशन के ज़ोनल हेड अभिषेक सिंह के स्वागत उद्बोधन से हुई। मुख्य अतिथि प्रेम शर्मा (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव) एवं विशिष्ट अतिथि सानु वर्धेसे (महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र) की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता अतुल सिंह एवं रविन्द्र नाग ने आरएएमपी योजना के उद्देश्य, एमएसएमई विकास के अवसर, वित्तीय सहायता, क्रेडिट लिंकिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, बाजार पहुंच, कौशल विकास एवं सरकारी अनुदान योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

संवाद सत्र में प्रतिभागियों ने ऋण प्रक्रिया, विपणन चुनौतियों एवं प्रशिक्षण से जुड़े प्रश्न रखे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। अधिकारियों ने उद्यमियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए आगामी उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

# लोहिया पेपर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न



रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा.लि. रायपुर एवं श्रीराम पैथोलाजी लैब के संयुक्त तत्वाधान में सी.एस.आर के अन्तर्गत 21 दिसम्बर 2025 को सुबह 9.30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ग्राम धरमपुरा (पंचायत भवन) जिला-रायपुर (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ। जिसमें सीबीसी, ईएसआर, एलएफटी, आरएफटी, लीपिड प्रोफाइल, थायराईड प्रोफाईल, बी.पी. शुगर एण्ड फुल बाडी चेकअप आदि का विशेष जांच किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमति डिडनेश्वरी गोपी यादव (सरपंच) ग्राम-धरमपुरा जिला-रायपुर (छ.ग.) और कम्पनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैंकड़ों लोगों ने फ्री में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया।

## पार्षद निर्मलकर ने पिलाई बच्चों को पोलियों खुराक



राजनांदगांव (दावा)। बच्चों को पोलियों जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान तहत पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में शुन्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियों की ड्राप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया कि अपने बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए बच्चों को बूथ में लाकर पोलियो की दो बुंद अवश्य पिलाएं।

# वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल में खेल दिवस पर उत्साह, नेतृत्व और प्रेरणा का महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। वेसलियन इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह, अनुशासन और टीम भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पारंपरिक खेलों से लेकर छात्र नेतृत्व तक, हर पहलू ने विद्यालय की समृद्ध सांस्कृतिक और शैक्षणिक परंपरा को दर्शाया।

भारतीय पारंपरिक खेल 'खो-खो' में छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। पीली और लाल जर्सी में सजी दो टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। पीली टीम के खिलाड़ी पंक्ति में बैठकर सतर्कता से खेल रहे थे, जबकि लाल टीम के खिलाड़ी तेजी से दौड़ते हुए विरोधी टीम को टैग करने में जुटे थे। हरे रंग की पोशाक में अन्य छात्र दर्शक के रूप में खेल का आनंद ले रहे थे। प्राचार्य अजीत स्कार्ट की बीच में उपस्थिति ने पूरे नेतृत्व समूह को और भी अधिक गरिमा और प्रेरणा से भर दिया। जहाँ कप्तान, स्पोर्ट्स हेड और हाउस हेड्स ने सैश पहनकर अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

# राज्य सरकार का निर्णायक कदम : धान विक्रय प्रक्रिया हुई सरल, अब दिन-रात कभी भी मिलेगा तुंहर टोकन

सरकार किसानों के साथ : टोकन सिस्टम में समय की बंदिश खत्म

तूहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

किसानों की सुविधा सर्वोपरि, टोकन व्यवस्था को बनाया गया सहज

मोहला (दावा)। प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24 घंटे खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी।

किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है।

उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें।

किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को 24×7 खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिये टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा। राज्य सरकार किसान हित में हर संभव कदम उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 29 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सदस्यों को शामिल होने की आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

# दुख की घड़ी में सहारा बनी मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना

मोहला (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम सोनसायटोला की रहने वाली स्वर्गीय श्रीमती धनवंतीन बाई अपने परिवार की आजीविका के लिए निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य कर रही थीं।

सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वे छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत थीं, ताकि भविष्य में उनके परिवार को किसी संकट की घड़ी में सहारा मिल सके। दुर्भाग्यवश, उनके आकस्मिक निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर की आर्थिक स्थिति डगमगा गई और जीवन यापन की चिंता बढ़ गई। ऐसे कठिन समय में श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना उनके परिवार के लिए आशा की



किरण बनकर सामने आई। योजना के तहत, स्व. श्रीमती धनवंतीन बाई के वैध उत्तराधिकारी अक्तूराम साहू को 1 लाख की सहायता राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रदान की गई। इस आर्थिक सहयोग से परिवार को तत्काल राहत मिली और रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता प्राप्त हुई।

अक्तूराम साहू बताते हैं कि यह सहायता राशि उनके लिए सिर्फ आर्थिक मदद नहीं, बल्कि सरकार की संवेदनशीलता और श्रमिकों के प्रति सुरक्षा की भावना का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी पत्नी पंजीकृत श्रमिक न होतीं, तो इस कठिन समय में परिवार को यह सहारा नहीं मिल पाता। श्रम विभाग की योजनाएं वास्तव में जरूरतमंद श्रमिक परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। पंचायत स्तर पर चल रहे पंजीयन और नवीनीकरण शिविर श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा से जोडने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि संकट की घड़ी में श्रमिक परिवारों को आत्मविश्वास और सम्मान के साथ आगे बढने की शक्ति भी देती है।

## ग्रामीण क्षेत्र में अशांति फैलाने वाला गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्व को धर दबोचा है और उन्हें गिरफ्तार कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि, रविवार 21 दिसंबर को ग्राम करमतरा से मोबाईल से सूचना प्राप्त होने पर कि ग्राम करमतरा में दो पक्षो के मध्य वाद-विवाद हो रहा है। इस पर हमराह स्टाप के मौके पर पहुंचकर देखा गया कि ढालेश्वर यादव पिता श्याम लाल यादव उम्र 24 साल निवासी करमतरा रजवाड़ा पारा द्वारा सूचक लक्ष्मी सोनी पति गोवर्धन सोनी उम्र 35, निवासी करमतरा को अपनी मॉ के साथ उनके हुये विवाद पर तू अपने को क्या समझती कहकर वाद- विवाद कर मारपीट पर उतारू हो गया।

मौके पर पुलिस व आसपास के लोगों के द्वारा समझाने का प्रयास किए जाने पर भी ढालेश्वर यादव समझने को राजी हुआ तथा और भी अधिक उत्तेजित होकर वाद विवाद मारपीट पर उतारू हो गया था। पुलिस के पास अन्य कोई विकल्प न होने से ढालेश्वर के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उसके विरूध्द धारा 126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

## अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद का 26वां राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन जयपुर में भव्य रूप से सम्पन्न




राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का 26वां राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन राजस्थान की राजधानी जयपुर में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में देश के सभी राज्यों से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने सहभागिता की।

छत्तीसगढ़ से भी राजनांदगांव सहित प्रदेश के सभी जिलों के पूर्व सैनिकों एवं मातृ शक्ति ने सक्रिय रूप से भाग लेकर संगठन की एकता और मजबूती का परिचय दिया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि राजस्थान के माननीय राज्यपाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी ने की। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक देश की सबसे अनुशासित और समर्पित शक्ति हैं, जिन्होंने अपने जीवन का सर्वोत्तम समय राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया है।

उन्होंने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन देते हुए कहा कि संगठन सरकार और प्रशासन के समक्ष पूर्व सैनिकों की आवाज को मजबूती से उठाता रहेगा। अधिवेशन के दौरान पूर्व सैनिकों से जुड़ी पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पुनर्वास, रोजगार, सामाजिक सम्मान, और उनके परिवारों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# सीतागांव में अतिक्रमण हटाने गई टीम पर खूनी हमला, पथराव के बाद जान बचाकर भागे अधिकारी

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के वनांचल क्षेत्र सीतागांव में रविवार को वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन की टीम पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया। जैसे ही विभाग ने अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाना शुरू किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण संगठित होकर टूट पड़े और पथराव शुरू कर दिया। इस हिंसक झड़प में अधिकारियों और पुलिस जवानों को मौके से भागकर थाने में शरण लेनी पड़ी। हालांकि बाद में डीएफओ की मध्यस्थता और ग्रामीणों के साथ हुए समझौते के बाद कार्रवाई दोबारा शुरू हो सकी।



**बुलडोजर चलता देख उग्र हुए ग्रामीण, डीएफओ की सूझबूझ और संवाद से सुलझा घंटों चला हाई-वोल्टेज ड्रामा**

### तीन नोटिस के बाद भी नहीं हटा कब्जा

जानकारी के अनुसार भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80 (अ) के तहत वन भूमि पर निर्मित 13 मकानों को अवैध चिह्नित किया गया था। वन विभाग ने संबंधित परिवारों को तीन बार वैधानिक नोटिस जारी किए थे, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। रविवार सुबह जब राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम जेसीबी लेकर पहुंची और शुरुआती 2 मकानों को ढहाया, तो स्थिति अनियंत्रित हो गई।

### थाने तक पीछा, पुलिस बल को लेनी पड़ी शरण

प्रशासनिक सख्ती देख आक्रोशित ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से टीम पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस पथराव से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और जेसीबी मशीन को भी निशाना बनाया गया। भीड़ के हिंसक रुख को देखते हुए अधिकारी और जवान कार्रवाई बीच में छोड़ सीतागांव थाने की ओर भागे।

### डीएफओ की संवाद नीति आई काम

घटना की सूचना मिलते ही डीएफओ दिनेश पटेल, एसडीओपी प्रशांत पैकरा और तहसीलदार भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे। डीएफओ ने बल प्रयोग के बजाय जनप्रतिनिधियों के साथ आपातकालीन बैठक की। घंटों चली मैराथन चर्चा के बाद मानवीय आधार पर एक समझौता हुआ। जिसमें कहा गया कि मकानों की छतों को फिलहाल नहीं छेड़ा जाएगा। घरों के अन्य अवैध हिस्से और बाउंड्री वॉल को तत्काल ध्वस्त किया गया। शेष अतिक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से समय मांगा है और लिखित में खुद कब्जा हटाने का वादा किया है।

### गांव में पुलिस छावनी, हमलावरों पर कार्रवाई की तैयारी

फिलहाल सीतागांव में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस टीम पर हमला करने वाले उपद्रवियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

> हमने ग्रामीणों के साथ सकारात्मक संवाद किया है। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए फिलहाल छतों को राहत दी गई है, लेकिन बाउंड्री और अन्य हिस्से हटा दिए गए हैं। यदि नियत समय में शेष अतिक्रमण नहीं हटा तो विभाग सख्त कार्रवाई करेगा।
>
> – दिनेश पटेल, डीएफओ

# हॉकी राजनांदगांव की खेल चेतना, सामाजिक सहभागिता एवं युवा ऊर्जा के सजीव उत्सव - विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

- 0 विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ
- 0 राजनांदगांव के खिलाड़ी देश-प्रदेश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे नाम रोशन
- 0 विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हॉकी किट रखने के लिए 5 लाख रूपए तथा जिम सामग्री क्रय करने 5 लाख रूपए की घोषणा की



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रूद्राक्षम् वेलफेयर सोसायटी द्वारा पटरी पार चिखली स्कूल मैदान राजनांदगांव में आयोजित 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 5वीं छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 21 से 28 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हॉकी खिलाड़ियों के लिए हॉकी किट रखने के लिए 5 लाख रूपए तथा जिम सामग्री क्रय करने के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि हॉकी का खेल राजनांदगांव की खेल चेतना, सामाजिक सहभागिता और युवा ऊर्जा के सजीव उत्सव है। उन्होंने रूद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा निरंतर 5 वर्षों तक सफलतापूर्वक प्रतियोगिता आयोजन करने के लिए हार्दिक बधाई दी। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता को अधिक भव्य, अनुशासित, उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, हमारी खेल परंपरा और हॉकी का गौरवशाली स्थान रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की मिट्टी में हॉकी का बीज छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज यहां बीज का रोपण हुआ है। आने वाले समय में यहां के खिलाड़ी देश के हॉकी जगत में कहीं ना कहीं, किसी न किसी स्थान में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए भी दिखेंगे। राजनांदगांव से अधिक से अधिक बच्चे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे जैसे खिलाड़ी निकलेंगे और आगे बढ़ेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यों से श्रेष्ठ टीम यहां आई है, राजनांदगांव को अच्छा हॉकी देखने और बच्चों को सीखने के लिए मिलेगा। उन्होंने कहा कि मार्चपास्ट के दौरान बच्चों में उत्साह, ऊर्जा और ताकत दिखाई दी है। उन्होंने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पार्षद शिव वर्मा और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ फिरोज अंसारी, ऋषिदेव चौधरी, सुमित भाटिया, विष्णुनंद, प्रिंस भाटिया, सुनील साहू, ऋतु जैन, विजय शर्मा, प्रेम रजक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, नगरवासी और खिलाड़ी उपस्थित थे।

# मनरेगा सहित योजनाओं का भाजपा नामकरण न करें- कांग्रेस

### विरोध में कांग्रेस का जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण और शहर द्वारा आज दोपहर 12 बजे जयस्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीतेंद्र मुदलियार और जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव की मौजूदगी में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर श्री मुदलियार ने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस की सारी योजनाओं को बदलने से क्या होगा। बेरोजगारों को रोजगार दे, महंगाई पर ध्यान दे। जमीनी स्तर पर कार्य करने के बजाय मोदी जी हरदम कांग्रेसी नेताओं को मुद्दाविहीन राजनीति की बात करते हैं। जिससे देश के नौजवान, महिला सहित हर वर्ग परेशान हैं। ग्रामीण रोजगार की सबसे बड़ी योजना मनरेगा का नाम भी हटाकर अपने मुताबिक कर दिया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि आज ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बाद भी हर स्तर पर महंगाई, बेराजगारी व्याप्त है। लोग समस्याओं से ग्रसित और व्यथित हैं। उन्होंने भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, उनमें से एक को भी नहीं निभाया है और वादा को पूर्ण करने की जगह लोगों का ध्यान बांटने के लिए धर्म, नफरत की राजनीति कर रहे हैं। और तो और कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदला जा रहा है, क्योंकि वह कांग्रेस से भयभीत है। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, शाहिद खान प्रदेश महामंत्री, रमेश डाकलिया, भागवत साहू पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष, संतोष पिल्ले, आफताब आलम, अशोक फड़नवीस, इकरामुद्दीन सोलंकी, अशोक पंजवानी, विवेक वासनिक, सूर्यकांत जैन ने सभा को संबोधित किया। प्रदर्शन में आसिफ अली ब्लाक अध्यक्ष, चेतन भानुशाली युकां, चम्पू गुप्ता पूर्व पार्षद, नीतिन बत्रा, अनिल ठाकुर, विरेंद्र चंद्राकर, रज्जू जान, बंटी यादव, लक्खू रूपचंदानी, गणेशराम साहू, हीरा सोनी, मदन साहू, राहूल तिवारी, चुम्मन साहू, मनीष सिमनकर, श्रीमती रामछत्री चंद्रवंशी, महेश कंवर, राहुल तिवारी, मनीष गौतम, छोटे रामटेके, विष्णु लोधी, झम्मन देवांगन, विजय राज सिंह, रतन यादव, सुरेश सिन्हा, विनायक राव, अमित पांडे, कन्हैया मंडावी, पीयूष दुबे, शैलेश ठावरे, रसीद अहमद, वितेंद्र तुरहाटे, विनय झा, शरद पटेल, रूपेश साहू, अवधेश प्रजापति, प्रियांश मेश्राम, मोहम्मद मुस्तफा जोया, बृजेश श्यामकर, नरेश साहू, आशीष साहू, ललित कुमरे, गोलू नायक, मानसिंग साहू, गजेंद्र वैष्णव, खम्मन लहरे, युवराज डिग्गी, चेतन लाल चंद्राकर, गोविंद नेताम, उमेश राजपूत, सतीष चौरसिया, नूतन साहू, लोकनाथ भाटी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# बेघर लोगों को ठंड व शीतलहर से बचाने महापौर ने बांटे कम्बल



**रैन बसेरा में रहने की अपील, शहर में अलाव की सुविधा भी**

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकाय क्षेत्रों में समाज के कमजोर, बेघर व जरूरतमंद लोगों को ठंड व शीतलहर से बचाने निगम सीमाक्षेत्र में अनेक स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है और कल रात्रि महापौर मधुसूदन यादव ने समाज कल्याण विभाग की टीम के साथ फ्लाई ओव्हर के नीचे अस्थाई रूप से निवासरत लोगों को कम्बल का वितरण किया और उन्हें रैन बसेरा में रहने समझाईस दिये।

महापौर श्री यादव ने बताया कि बढ़ते ठंड एवं शीतलहर को ध्यान में रखते हुये समाज के गरीब बेघर लोगों व जरूरतमंदों को कम्बल एवं अन्य आवश्यक कपड़े उपलब्ध करानें की कडी में रात्रि में फ्लाई ओवर के नीचे रहने वाले लोगों को कम्बल का वितरण किया गया। इसके अलावा नगर निगम द्वारा नगर के निर्धनों एवं श्रमिकजनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पोस्ट आफिस चौक, मेडिकल कालेज पेन्ड्री, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, जय स्तम्भ चौक एवं सिविल लाईन में अलाव जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए कमजोर बेघरों को आवश्यक सुविधा मुहैया करायी जा रही है। फ्लाई ओव्हर के नीचे निवासरत लोगों को रैन बसेरा में रहने समझाईस दी जा रही है। महापौर ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि ठंड को ध्यान में रखते हुये अनावश्यक घर से बाहर न निकले, जरूरी कार्यवश बाहर निकलने पर गर्म कपड़े पहने, मफ्लर व टोपी लगाये, सर्दी, खासी बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण करावे।

# रेलवे का बड़ा ब्लॉक : छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 21 ट्रेनें रद्द, 26 से 29 दिसंबर तक थमेगा मेमू का पहिया



बिलासपुर(दावा)। बिलासपुर रेलवे जोन के अंतर्गत सफर करने वाले यात्रियों के लिए साल का अंतिम सप्ताह मुश्किलों भरा होने वाला है। नागपुर मंडल के डोंगरगढ़ सेक्शन में परिचालन क्षमता बढ़ाने और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के लिए रेलवे ने एक बड़ा ब्लॉक लेने का निर्णय लिया है। इसके चलते 26 दिसंबर से 29 दिसंबर के बीच छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 21 मेमू पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इस निर्णय से रायपुर-डोंगरगढ़, गोंदिया-इतवारी और बालाघाट रूट पर चलने वाले हजारों दैनिक यात्री, सरकारी कर्मचारी और छात्र प्रभावित होंगे। 27 और 28 दिसंबर को सबसे ज्यादा ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

**डोंगरगढ़ सेक्शन में तकनीकी कार्य के चलते रायपुर-नागपुर रूट प्रभावित, रोजाना सफर करने वाले यात्री होंगे बेहाल**

### इन तारीखों को रद्द रहेंगी इतनी ट्रेनें

रेलवे प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अलग-अलग तारीखों में ट्रेनों की कटौती की गई है। 26 दिसंबर 1 ट्रेन रद्द, 27 को सर्वाधिक 10 ट्रेनें रद्द, 28 को 9 ट्रेनें रद्द, 29 को 1 ट्रेन रद्द रहेगी। पूरी तरह रद्द ट्रेनों के अलावा 27 दिसंबर को रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू और डोंगरगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर को आंशिक रूप से रद्द किया जाएगा। ये गाड़ियां अपने निर्धारित गंतव्य तक नहीं पहुंचेंगी और बीच रास्ते में ही यात्रा समाप्त कर देंगी।

### प्रमुख रद्द ट्रेनों की सूची

26 दिसंबर 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू, 27 दिसंबर 68741 दुर्ग-गोंदिया, 68743 गोंदिया-इतवारी, 68744 इतवारी-गोंदिया, 68709 रायपुर-डोंगरगढ़, 68729 रायपुर-डोंगरगढ़, 58205 रायपुर-इतवारी पैसेंजर, 68721 रायपुर-डोंगरगढ़, 68723 डोंगरगढ़-गोंदिया एवं 28 दिसंबर 68711 डोंगरगढ़-रायपुर, 68713 गोंदिया-इतवारी, 68714 इतवारी-बालाघाट, 68715 बालाघाट-इतवारी, 68716 इतवारी-गोंदिया, 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़, 68730 डोंगरगढ़-रायपुर, 58206 इतवारी-रायपुर पैसेंजर, 68724 गोंदिया-रायपुर तथा 29 दिसंबर 68710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू आदि है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर सघन पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर सघन पल्स पोलियो अभियान 2025 का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 0 से 5 वर्ष तक के नन्हें बच्चों के सभी अभिभावकों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने की अपील की। इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एसपी श्रीमती अंकिता शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ बीएल तुलावी, डब्लूएचओ सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर आसिम रियाज खान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला डाटा प्रबंधक अखिलेश चोपड़ा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पूजा मेश्राम, जिला डाटा मैनेजर आईडीएसपी अखिलेश नारायण सिंह, वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर, हितेश कुल्हाड़े एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सघन पल्स पोलियो अभियान 2025 अंतर्गत जिले के ग्रामों के अलावा शहरी क्षेत्रों में बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में पोलियो बूथ बनाने के साथ ट्रांजिट टीमों के द्वारा खदानों, ईटा भट्ठा, छात्रावास, मदरसा एवं छूटे क्षेत्रों में पोलियों की दवा पिलाने हेतु ट्रांजिट टीमों एवं मोबाइल टीमों का गठन किया गया था। प्रथम दिवस बूथ में पोलियो की दवा पिलाने के बाद 22 एवं 23 दिसम्बर को सभी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

# पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से रहवासी परेशान

### घरों और दुकानों के सामने जमा हो रहा है नाली का गंदा पानी



डोंगरगांव (दावा)। शहर में रोड निर्माण का काम क्या शुरू हुआ नगरवासियों के लिए यह बड़ी मुसीबत बन गया है। रोड निर्माण के दौरान कई खामियां हैं और लगातार दुर्घटनाएं सामने आ रही है। फिर चाहे सड़क निर्माण में डिवाईडर हो या नाली, इस निर्माण में गुणवत्ता तो दूर इस निर्माण के चलते शहरवासी खासे परेशान हो चलते हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार पर कोई असर नहीं है। खंडित डिवाईडर निर्माण के बाद अब नाली निर्माण में शिकायतें प्रारंभ हो गई है। इस सड़क निर्माण के साथ ही नाली का निर्माण भी किया जाना था, किन्तु शहर के अधिकांश हिस्सों में नालियों का अतापता नहीं है। कुछ जगह नाली निर्माण प्रारंभ किया गया है, लेकिन इसके ढाल और गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला फव्वारा चौक से कॉलेज जाने वाले नाली का ऊंचाई ज्यादा होने के कारण खोदा जा रहा है। यह काम बीते कुछ दिवस पूर्व ही प्रारंभ हुआ है, लेकिन इसके लिए सेंट्रल बैंक के पास ड्रेनेज को करीब 20 दिन पूर्व पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों के द्वारा ब्लॉक कर दिया गया है। जिसका नतीजा ये है कि बीते पखवाड़े भर से आसपास के रहवासी और दुकानदार नाली का गंदा पानी भरने से परेशान हैं। वहीं उनकी शिकायत पर नगर पंचायत द्वारा समय-समय में पम्प लगाकर गंदा पानी साफ करवाती है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही के कारण आम नागरिक बड़ी मुसीबत में पड़ गए हैं। पीड़ित नगरवासी नगर पंचायत अध्यक्ष और संबंधित पार्षद से शिकायत कर-कर के थक गए हैं। बदबू और नाली के गंदे पानी के भराव के कारण दुकानदारी तो खराब हो ही रही है। साथ ही घर के लोगों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।

इस संबंध में सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग वालों के द्वारा नाली निर्माण के लिए नाली को और गहरा किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने नाली को ब्लॉक किया है। उन्हें वर्तमान में होने वाली को लेकर कई बार चेताया गया है और काम जल्द करने कहा जा रहा है, लेकिन ढिलाई बढ़ती जा रही है। घर और दुकानों के सामने हो रहे गंदे पानी के भराव के लिए पंप लगाकर पानी को साफ कराया जा रहा है।

# गांव से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय कृषि मेला में भागीदारी से किसान का सपना हुआ साकार




**0 कृषि विभाग की आत्मा योजना राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण कर किसान एकांत चंद्राकर एवं विवेक वैष्णव ने अपनाई उन्नत कृषि तकनीक**
**0 मशीन-बेड प्लांटर कम सीडर मशीन एवं हैरो मशीन जैसे नवीनतम कृषि यंत्रों से कार्य हुआ आसान**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के किसानों में नवीनतम तकनीक एवं उन्नत कृषि की ओर रूझान बढ़ा है। छुरिया विकासखण्ड के ग्राम अछोली एवं चांदो के किसान एकांत चन्द्राकर एवं विवेक वैष्णव ने टीवी पर हाईटेक कृषि यंत्रों से खेती करते हुए इजराईल और अन्य देशों के किसानों को देखकर अपने खेतों में भी ऐसे कृषि यंत्रो से उन्नत खेती करने का सपना देखा था, लेकिन बाजार में केवल मांग के अनुसार ही उपलब्ध यंत्रों से उनकी जिज्ञासा शांत नहीं हो रही थी।

अपने इसी जिज्ञासा और उन्नत कृषि के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने नवंबर 2025 में कृषि विभाग से संपर्क किया। जिसके बाद विभाग के केन्द्र प्रवर्तित एग्रीकल्चर एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजना के तहत जिसमें न केवल किसानों को उन्नत कृषि तकनीक का प्रशिक्षण व तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, बल्कि प्रगतिशील किसानों को देश के अन्य स्थानों में भेजकर नवाचारी कृषि तकनीक से अवगत भी कराया जाता है। इस योजना के तहत ग्राम अछोली एवं चांदो के किसान एकांत चंद्राकर एवं विवेक वैष्णव को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण हेतु भेजा गया। यह उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जैसे ही किसानों का आवेदन उन्हें प्राप्त हुआ। वैसे ही विभागीय अधिकारियों को राज्य के बाहर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कृषि मेला फार्म-टेक इंडिया प्रदर्शनी में किसानों को भेजने का कार्यक्रम बनाया गया। जिसके बाद जिले के 6 किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर इंदौर मध्यप्रदेश लाभगंगा एक्जीबिशन सेन्टर में आयोजित मेले में प्रतिभागी बनाकर भेजा गया।

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मेले में देश-विदेश के उन्नत कृषि यंत्रो का निर्माण करने वाले मल्टीनेशनल कंपनियां अपने यंत्रों की प्रदर्शनी और विशेषज्ञों के साथ उपलब्ध थे। इस मेले में किसान एकांत चंद्राकर एवं विवेक वैष्णव यंत्रों के प्रत्यक्ष अवलोकन एवं विशेषज्ञों से विचार-विमर्श कर किसानों का आत्मविश्वास एवं उत्साह बढ़ा और वे उन्नत कृषि की ओर प्रेरित हुए। शैक्षणिक भ्रमण से वापस आकर किसान एकांत चन्द्राकर एवं विवेक वैष्णव द्वारा 1 लाख 70 हजार के मशीन-बेड प्लांटर कम सीडर मशीन एवं 1 लाख 50 हजार के हैरो मशीन क्रय किया। जिसके माध्यम से किसानों ने 15 एकड़ में मक्का, 10 एकड़ में गेहूं तथा 17 एकड़ में सरसों की बोआई की है। किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि मशीन से बोआई करने से अनावश्यक खर्च से छुटकारा मिला है। साथ ही बीजों के साथ खाद्य को मिलाकर उचित दूरी पर बोआई करने से खरपतवारों का प्रकोप कम हुआ है। किसानों ने बताया कि एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजना का उनके लिए पुरानी परम्परागत खेती को छोड़कर नवीन उन्नत खेती से जुड़ने तथा उन्नत किसान बनने के उनके सपने के लिए सबसे महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

**गोदाम किराये से देना है**

जी.ई. रोड से लगा सोमनी सोसायटी के पास 7500 sq.ft के दो गोदाम एवं 15000 sq.ft का एक गोदाम किराये पर देना है।

-: संपर्क :- 9755248999, 9340000479




**शीघ्र बेचना है**

स्टेशनपारा हनुमान मंदिर के पास लगभग 850 Sq. Ft. दो मंजिला पक्का मकान (4 BHK) शीघ्र बेचना है।

-: संपर्क :- संपर्क - 6263420613

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com